RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक »221

टोंक » शुक्रवार » 15 मार्च, 2024

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

### डॉ. एलसी भारतीय के अयोध्या यात्रा के संस्मरण

## अयोध्या में जाकर धन्य हुआ, विश्वदेव भगवान श्री राम के अलौकिक एवं भव्य दर्शन किए



डॉ. एलसी भारतीय, प्रधान संपादक



**मुझे** मंगलवार को लखनऊ में वरिष्ठ पत्रकार एवं ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के महासचिव अशोक नवरत्न के पुत्र विवेक की शादी में जाने का अवसर मिला। हवाई जहाज केवल एक ही आता-जाता है, इसलिए संभव नहीं हो सका फ्लाइट में बैठकर जाना। मैं अपने वाहन से लखनऊ पहुंचा। लखनऊ पहुंचने पर हाईवे पर लिखा था अयोध्या 160 किमी.। अयोध्या की दूरी मात्र 160 किमी देखकर मेरा मन श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए हिलौरे मारने लगा। भव्य शादी समारोह में शिरकत करने के बाद देशभर से आए पत्रकारों के बीच मैंने अयोध्या जाने की बात की तो अयोध्या से प्रकाशित होने वाले 66 वर्ष पुराने जनमोर्चा समाचार पत्र के संस्थापक संपादक स्व. शीतला सिंह जी जो मेरे भी अभिन्न मित्र थे, के पुत्र एसएन सिंह मिल गए जो वरिष्ठ पत्रकार है तथा लखनऊ, बरेली और अयोध्या से प्रकाशित



होने वाले दैनिक जनमोर्चा को संभाल रहे हैं। एसएन सिंह ने मुझे अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन कराने का वादा किया। बुधवार प्रातः अयोध्या के लिए प्रस्थान करने का निर्णय हुआ।

### लखनऊ से अयोध्या तक की यात्रा पूरी कर अयोध्या पहुंचे

लखनऊ से अयोध्या तक की यात्रा हमने ढाई-तीन घंटे में पूरी की। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य होने के नाते डीआईजी अयोध्या ने एक एसआई को हमारे साथ लगा दिया था। पुलिस के साथ होने के कारण हमें सीधे श्रीरामलला के मंदिर तक बेरोकटोक पहुंच गए। जन सामान्य के लिए वहां गाड़ियां ले जाना मना है। लेकिन हमारी गाड़ी वीआईपी द्वार तक पहुंच गई। वहां से सीधे हम मंदिर तक पहुंच गए। एक ओर वीआईपी लाइन थी, दूसरी ओर जनसामान्य की लाइन थी। लेकिन गर्भगृह में पहुंचते-पहुंचते दोनों लाइने मिल गई थी। सामने श्रीरामलला विराजमान थे। उनके आसपास चांदी का वर्क लगा था। जिस स्थान पर खड़े होकर हमने रामलला के दर्शन किए उसकी छत पर अभी कपड़े के पर्दे लगे थे। गर्भगृह की फोटो लेना मना था। फिर हमने चारो ओर घूमकर मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली। राजस्थान के कारीगरों को पत्थर की घड़ाई करते देखा।

### श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रभारी प्रकाश गुप्ता से मिले



रामलला के भव्य दर्शन के बाद हम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ के प्रभारी प्रकाश कुमार गुप्ता के कार्यालय पहुंचे जहां हमने प्रभारी से मंदिर निर्माण की पूरी जानकारी ली तथा मंदिर निर्माण में सहयोग राशि भेंट की जिसकी तत्काल कम्प्यूटराइज रसीद दे दी गई। प्रभारी ने मेरा भगवान जयश्री राम लिखा दुपट्टा ओढ़ाया अभिनन्दन किया तथा आशीर्वाद दिया। मंदिर में न चढ़ावा मिला न फूल प्रसाद की दुकाने मिली और न ही मंदिर के आसपास के क्षेत्र में हमने खाने-पीने की कोई दुकान देखी। प्रवेश द्वार भी बल्लियां लगाकर बनाए गए थे। रामलला के दर्शन की पूरी व्यवस्था पुलिस ने संभाल रखी है। कार्यकर्ताओं की लंबी फौज नहीं थी। देश के विभिन्न भागों से लोग रामलला के दर्शन करने आ रहे थे।22 जनवरी से पहले राममंदिर तक आने की सड़क जरूर तीस मीटर चौड़ी कराई गई थी। रामलला के दर्शन से हम अभिभूत हो गए।



ऑल इंडिया स्मॉल एडं मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव अशोक नवरत्न के पुत्र के विवाह में लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरिन्दर सिंह, राजस्थान के अध्यक्ष एवं प्रेस काउंसिल के सदस्य डॉ. एलसी भारतीय एवं अन्य वरिष्ठ पत्रकारगण।



### पुलिस प्रभारी कन्हैयालाल यादव व जनमोर्चा के एसएन सिंह का आभार

रामलला के भव्य दर्शन के लिए अयोध्या के पुलिस महानिदेशक के साथ-साथ पुलिस प्रभारी कन्हैया लाल यादव जो पूरे समय दिव्य दर्शन में हमारे साथ रहे तथा जनमोर्चा अखबार के एसएन सिंह का हम आभार प्रकट करते हैं। रामलला के दर्शन के बाद मैंने लखनऊ, बरेली व अयोध्या से प्रकाशित जनमोर्चा के बुधवार के अंक का विमोचन किया तथा 66 वर्ष से लगातार प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता की प्रशंसा की। अपरान्ह 3 बजे हमने अयोध्या से जयपुर की वापसी शुरू की। लखनऊ आगरा होते हुए रात 1 बजे हम जयपुर पहुंचे। मैंने गर्भगृह में रामलला के दर्शन करते हुए संकल्प लिया तथा शीघ्र ही हम परिजनों मित्रों वरिष्ठ पत्रकारों शिक्षकों के साथ पुनः रामलला के दर्शन करने आएंगे।

**जय श्री राम -जय जय श्री राम**

## राजस्थान में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

### दो प्रतिशत वैट किया कम , पेट्रोल के रेट 5 रुपए और डीजल के 4 रुपए 85 पैसे तक कम होंगे

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा की कैबिनेट की दूसरी बैठक में पेट्रोल डीजल के दाम कम करने का फैसला लिया गया है। सरकार ने वैट में 2 प्रतिशत कटौती की है। वैट में कटौती से पेट्रोल के रेट में 1 रुपए 40 पैसे से लेकर 5 रुपए 30 तक रेट कम होंगे, डीजल के रेट 1 रुपए 34 पैसे से लेकर 4 रुपए 85 पैसे तक कम होंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अभी तक राजस्थान के अलग-अलग शहरों में पेट्रोल-डीजल के रेट अलग-अलग थे, उस विसंगति को भी सरकार ने दूर कर दिया है, अब हर ज़िले में एक ही रेट होगा। अभी जिस जिले में पेट्रोल-डीजल के रेट पहले से ज्यादा थे, वहां ज्यादा पैसा कम होगा, वहीं जिस जिले में रेट कम है, वहां कम



पैसे घटेंगे। राजस्थान की राजधानी जयपुर में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर अभी डीजल के रेट 93.72 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल की कीमत 108.48 रुपए प्रति लीटर है।

### आज सुबह 6 बजे से लागू होंगी कीमतें

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर कम हुई कीमतें शुक्रवार सुबह 6 बजे से लागू होंगी। इससे राज्य सरकार के ऊपर 1500 करोड़ रुपए का भार आएगा। दरअसल, 10 और 11 मार्च को ही प्रदेश में वैट कम करने की मांग को लेकर पेट्रोल डीलर्स ने हड़ताल की थी। साथ ही सरकार को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था।

### कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ा

राज्य सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 4 प्रतिशत बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता बढ़ाया था। इसके बाद राज्य सरकार ने भी यह फैसला लिया। इससे राज्य सरकार पर 1639 करोड़ रुपए का भार आएगा। राज्य सरकार ने महंगाई भत्ता 46 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

### ममता बनर्जी के माथे पर गंभीर चोट लगी



घर में टहलने के दौरान मुंह के बल गिर गई थीं, टांके लगाए गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी गुरुवार को कोलकाता स्थित अपने घर में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गईं। टीएमसी ने बताया कि उनके माथे पर गंभीर और गहरी चोट आई है।

उधर मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममता कालीघाट स्थित अपने घर में टहल रही थीं। तभी वह मुंह के बल गिर गईं। मौके पर मौजूद स्टाफ उन्हें घर के अंदर ले गया। इसके बाद भतीजे अभिषेक बनर्जी उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले गए। हादसे की वजह अब तक साफ नहीं हुई है।

डॉक्टर यह भी पता करने की कोशिश कर रहे हैं कि वह ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा होने की वजह से गिरीं या सिर्फ फिसल गईं।

## चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा जारी किया

### 763 पेजों की दो लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार (14 मार्च) को इलेक्टोरल बॉन्ड का सारा डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया। वेबसाइट में 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गई हैं। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक यह डेटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के निर्देश के मुताबिक इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी उपलब्ध जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गई है।

## तमिलनाडु के मंत्री ने पीएम को मारने की धमकी दी

### कहा- मैं मंत्री नहीं होता तो उनके टुकड़े-टुकड़े कर देता, दिल्ली में एफआईआर

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मंत्री टीएम अनबरसन ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने कहा, मैंने अभी शांति रखी हुई है, क्योंकि मैं एक मंत्री हूं। मैं मंत्री न होता तो उनके (पीएम मोदी) टुकड़े-टुकड़े कर देता। अनबरसन के इस बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। उनका यह बयान पिछले हफ्ते का बताया जा रहा है। अनबरसन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने दिल्ली में संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है। टी.एम. अनबरसन तमिलनाडु में एमके स्टालिन की अगुआई वाली डीएमके-कांग्रेस गठबंधन सरकार में ग्रामीण उद्योग मंत्री हैं। अनबरस ने कहा, हमारे कई प्रधानमंत्री हुए, कोई ऐसे नहीं बोलता था। मोदी हमें मिटाने की बात करता है, लेकिन मैं एक बात याद दिला दूं कि डीएमके कोई सामान्य संगठन नहीं है। यह कई बलिदानों और बहुत खून बहने के बाद बना है।

### अश्लील कंटेंट दिखाने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन

## सरकार ने 19 वेबसाइट, 10 ऐप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी किए ब्लॉक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। इसके साथ 19 वेबसाइट्स, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिए हैं।

ये ऐप, ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एंटरटेनमेंट के नाम पर अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो पेश कर रहे थे। इससे पहले इन ओटीटी ऐप्स को कई बार चेतावनी दी गई थी, इसके बावजूद इनके कंटेंट में किसी तरह का सुधार नहीं पाया गया।

12 मार्च को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय की बैठक में यह फैसला ले लिया गया था। हालांकि इन ऐप्स की लिस्ट गुरूवार को जारी की गई है।

### क्यों बैन लगाया गया

सरकार के मुताबिक, इनके कंटेंट में अश्लीलता थी। कई जगह महिलाओं को अपमानजनक तरीके से दिखाया जाता था। स्टूडेंट और टीचर के रिश्तों के अलावा पारिवारिक रिश्तों को भी गलत तरीके से पेश किया जाता था।

### 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड्स, 32 लाख से ज्यादा फालोअर्स

सरकार ने बताया कि 18 ओटीटी ऐप्स में से एक ऐप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया गया। दो अन्य ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स और ऐप्स की तरफ अट्रैक्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी यूज किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिलाकर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं।

### कई शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई

इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जा रहे कंटेंट को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इनकी शिकायत करने वालों में कई सांसद/ विधायक, इंटेलेक्चुअल्स और समाज सेवी शामिल हैं।

### अभी क्या नियम हैं

सरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कंटेंट की निगरानी इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड रूल्स, 2021 के जरिए करती है। इसके नियमों के मुताबिक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपने कंटेंट का क्लासिफिकेशन, ऐज रेटिंग और सेल्फ रेगुलेशन का खुद पालन करना होता है। अगर ऐसा नहीं होता है तो इस एक्ट की धारा 67, 67 ए और 67बी के तहत सरकार पेश किए जा रहे आपत्तिजनक कंटेंट को ब्लॉक कर सकती है।

## ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू बने चुनाव आयुक्त





एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व आईएएस अफसर ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू चुनाव आयोग में नए चुनाव आयुक्त होंगे। केंद्र सरकार ने गुरुवार शाम को नोटिफिकेशन जारी किया। गुरुवार सुबह इनकी नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले पैनल ने बैठक की थी। इसके बाद नेता विपक्ष अधीर रंजन ने इनके नामों के तय होने की संभावना जताई थी। शाम को नोटिफिकेशन में दोनों के नाम थे। सुखबीर उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी और एनएचएआई के चेयरमैन रह चुके हैं। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अफसर हैं। वे गृह मंत्रालय में रह चुके हैं। धारा 370 पर फैसले के वक्त गृह मंत्रालय में पोस्टेड थे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव पद से रिटायर हुए हैं।


### अधीर रंजन का आरोप-बुधवार रात 212 की लिस्ट सौंपी थी

अधीर रंजन ने नियुक्ति प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए कहा- मीटिंग शुरू होने के 10 मिनट पहले 6 नाम मेरे पास आए। मुझे सुखबीर सिंह संधू, ज्ञानेश कुमार, उत्पल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, इंदीवर पांडे और गंगाधर राहत के नाम सौंपे गए थे। मैंने कहा कि इनकी ईमानदारी और तजुर्बा जांचना मेरे लिए असंभव है। मैं इस प्रक्रिया का विरोध करता हूं। ये औपचारिकता है। इस कमेटी में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को रखना चाहिए। अगर सीजेआई होते तो बात अलग थी। कल रात मैं दिल्ली आया, तब मुझे 212 लोगों की लिस्ट सौंपी गई थी। इतने कम समय में सभी का प्रोफाइल जांचना असंभव था।

## एक देश, एक चुनाव...कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी

### कांग्रेस समेत 4 पार्टियां विरोध में, हाईकोर्ट के 3 पूर्व मुख्य न्यायाधीश भी इसके खिलाफ

**नई दिल्ली।** वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार (14 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है- पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'एक देश, एक चुनाव' पर कमेटी ने 62 पार्टियों से संपर्क साधा था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 पार्टियो ने एकसाथ चुनाव कराने का समर्थन किया, 15 पार्टियों ने इसका विरोध किया और 15 पार्टियों ने इसका जवाब नहीं दिया। कांग्रेस, आप, बसपा और सीपीआई-एम ने एक देश, एक चुनाव प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि भाजपा और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने समर्थन किया। हाईकोर्ट के 9 पूर्व मुख्य



न्यायाधीशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि हाईकोर्ट के 3 मुख्य न्यायाधीशों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का विरोध किया।

### पैनल के सुझाव...

सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।

हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।

पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।

चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।

## पेपरलीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ हो रही सख्त कार्रवाईः भजनलाल शर्मा

### मुस्तैदी से काम कर रही एसओजी टीम की हौसला अफजाई की मुख्यमंत्री नें

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पेपरलीक प्रकरणों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है तथा अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पेपरलीक एवं भर्ती घोटाले के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त बड़े से बड़े अपराधी अथवा भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों कि विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें जिससे इस समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। उन्होंने भर्ती घोटालों में संदिग्ध



भूमिका वाले राज्यकर्मियों को चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। श्री शर्मा ने इन प्रकरणों में मुस्तैदी के साथ काम कर रहे एसओजी टीम की हौसला अफजाई भी की। शर्मा गुरुवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर पेपरलीक प्रकरण में गठित एसओजी टीम द्वारा पेपरलीक प्रकरणों में कार्यवाही की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेपरलीक जैसे प्रकरण युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हैं तथा एसओजी द्वारा इस अनुकरणीय कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा कि इससे आमजन और युवाओं का कानून व्यवस्था में विश्वास मजबूत हुआ है जो प्रदेश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एसओजी टीम सही दिशा में कार्रवाई कर रही है तथा इस प्रकिया में निरन्तरता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशिष्ठ एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए पुलिस कर्मियों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने एसओजी के अधिकारियों को आश्वासन दिया कि इन प्रकरणों की जांच के लिए टीम को आवश्यक सभी संसाधन मुहैया करवाए जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त महानिदेशक, एसओजी विजय कुमार सिंह ने पेपरलीक प्रकरणों में एसओजी द्वारा की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, महानिरीक्षक पुलिस मुख्यमंत्री सुरक्षा एवं सतर्कता गौरव श्रीवास्तव सहित टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## सुरेरा मंडा की बेटी के विवाह में किया सहयोग



### 'खोल दो बंधन बेटियों के, हर मंजिल को पा जाऐगी'

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** गायत्री सेवा समीति की और से सुरेरा मंडा की बेटी के विवाह में में समीति की तरफ से सहयोग किया गया है। महिला को शिक्षा लिए जागरुक करना लडकी की और अध्यक्ष गायत्री जांगिड़ ने बताया कि गरीब परिवार की बेटीयाँ की सहायता करती है। और रजिया बनो आत्मनिर्भर बनाने में सहायक रहती है। 31 साड़ीया व पायल बिछिया चपल जोड़ी आदि बहुत सहयोग करती है। तुलसी देवी, हंसा ओला, सुमन वर्मा, पिकी, प्रियंका, नारंगी, प्रभु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## धर्मदास महाराज के मुख से कथा का आयोजन



खबरों की दुनिया

**सालासर।** सीकर तिराहा के पास स्थित शिव मंदिर में आयोजित राम कथा में कथावाचक आचार्य धर्मदास महाराज के मुख से कथा का वाचन किया जा रहा है। नो दिवसीय राम कथा में में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर कथा सुन रहे हैं। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीराम कथा में यजमानों द्वारा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। नारायण राव, रतनसिंह मुख्य यजमान रहे। डॉ. लादूसिंह राव, प्रबंधक महावीर प्रसाद राव, कमल शर्मा, चुन्नीलाल, नानूराम प्रजापत, रामेश्वर जांगिड़ सहित अनेक लोगों ने राम दरबार की झांकी का आरती की।

## वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौधरी के निधन पर पत्रकारिता जगत में शोक

खबरों की दुनिया



**सीकर।** वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौधरी का गुरुवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी पार्थिव देह का गुरुवार को शिवसिंहपुरा स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। चौधरी के निधन पर शहर के गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। चौधरी के परिवार में दादी सेऊ देवी, पिता बन्नेसिंह, मां सरस्वती देवी, बड़े भाई नरेंद्रसिंह चौधरी, भाभी बबीता देवी, पत्नी मंजू देवी, बेटा आदित्य (10 वर्ष), बेटी जयंती (16 वर्ष), भतीजा शेखर व पीयूष हैं। चौधरी के निधन से पत्रकारिता जगत को गहरा आघात लगा।

गुरुवार को पत्रकार साथियों ने कलेक्ट्रेट स्थित सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में शोकसभा रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार गण मौजूद थे।

## छात्रा कविता नट को स्कूटी मिलने पर विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** राउमावि दंतुजला की पूर्व छात्रा कविता नट को राजस्थान माध्यमिक बोर्ड की कक्षा 12वीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर बोर्ड की महत्वाकांक्षी योजना कालीबाई भील मेधावी योजना के अन्तर्गत स्कूटी मिलने पर राउमावि दन्तुजला एवं ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समरोह में अध्यक्षता प्रधानाचार्य जयप्रकाश शर्मा ने की जबकि सरपंच नरेंद्र ढूकिया मुख्य अतिथि थे। समारोह में कविता को प्रतीक चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बालिका के माता-पिता चौगानी देवी एवं रामकुमार नट का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य ओमप्रकाश ढाका, पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश जांगिड़, कमला फैनिन, सुरेश कस्वा, सुरेश पचार, राजेश बियाणी, रघुवीर महरिया, विनोद कुमारी, संतरा सरावग, कमला चौधरी, प्रमिला, कमला ढुकिया सहित विद्यालय स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने किया पदभार ग्रहण

# जिलाध्यक्ष एक पद नहीं एक जिम्मेदारी है, सभी को साथ लेकर करेंगे काम : डॉ. सिखवाल

### दायित्व एक को मिलता है सभी मिलकर करते हैं संगठन के काम : पंचारिया

खबरों की दुनिया



**सीकर।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने गुरूवार को विधि विधान के साथ जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। डॉ. सिखवाल को निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने पार्टी का दुपट्टा व साफा पहनाकर जिला भाजपा कार्यालय में पदभार ग्रहण करवाया। इससे पहले डॉ. सिखवाल ने कार्यालय में पूजा अर्चना की।

समारोह में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व क्लस्टर प्रभारी अरूण चतुर्वेदी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, जयपुर संभाग के प्रभारी व लोकसभा चुनाव प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, लोकसभा के प्रभारी व राज्य मंत्री गौतम दक, लोकसभा सहप्रभारी बलराम दून, प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्रीकुमार लखोटिया, पूर्व केद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व मंत्री प्रेमसिंह बाजौर, धोद विधायक गोरधन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, जिला प्रभारी दिनेश धाबाई, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, रामलाल शर्मा, केडी बाबर व राजकुमारी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी व मनोज सिंघानिया, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, श्रवण चौधरी, गजानंद कुमावत, रामेश्वरलाल रणवां, लोकसभा चुनाव जिला संयोजक प्रभुसिंह शेखावत, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यक्रम प्रभारी हिम्मत सिंह झाला, दिनेश जोशी आदि ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया और जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल को पार्टी का दुपट्टा, माला पहनाकर कुर्सी पर बैठाया।

पदभार ग्रहण समारोह में बोलते हुए लोकसभा चुनाव प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया ने कहा कि संगठन में दायित्व एक व्यक्ति को मिलता है लेकिन सभी मिलकर टीम भावना के साथ करते हैं। संगठन के काम में सभी वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी शामिल होते हैं। लोकसभा चुनावों में सभी को मिलकर प्रबंधन व प्रचार प्रसार के काम करने होंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी काम कहे वो सभी पूर्ण करके दिखाए हैं। इन सभी कामों को मोदी की गारंटी के रूप में हम सब को प्रचारित करना है।

उन्होंने कहा कि सीकर का संगठन मिलकर तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाने के काम में लग जाएगा। केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को जनता के बीच रखना है। लाभार्थियों से संपर्क करना है। कहा कि लक्ष्य तय कर ले कि इस बार सीकर से भाजपा के स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को रिकॉर्ड पाँच लाख से भी अधिक मतों से विजयी बनायेंगे।

प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि संपूर्ण राजस्थान में सभी 25 सीटें भाजपा जीतेगी, लेकिन सीकर की जीत ऐतिहासिक होनी चाहिए। कहा कि यह एक रिकॉर्ड बनना चाहिए और सीकर राजस्थान में जीत के आंकड़ों में एक नंबर पर रहना चाहिए।

सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि कोई व्यक्ति बिना पार्टी के संसद नहीं पहुंच सकता। पार्टी के बड़ा महत्व होता है क्योंकि इसकी जड़े मजबूत होती है। कहा कि पार्टी के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय ने सीकर में मैट्रिक की शिक्षा प्राप्त की है। सीकर में भैरोंसिंह शेखावत, जगदीश प्रसाद माथुर व मदनलाल सैनी जैसे नेता हुए है। इन्होंने पार्टी को मजबूत करने का काम किया था। कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल को युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद का अनुभव रहा है। वे सबको साथ लेकर चलने वाले हैं।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी उसे पूरी करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। संगठन के कार्यों को उन्होंने तय समय में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरा किया। कहा कि संगठन के कार्यों को सभी को मिलकर आपसी टीम भावना से पूरा किया जाता है। उन्होंने डॉ. सिखवाल में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे भी सभी को साथ लेकर पूर्ण मनोयोग से संगठन के हित में कार्य करेंगे।

जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष का पद नहीं वरन एक जिम्मेदारी दी है। यह जिम्मेदारी मुझे नहीं आप सब कार्यकर्ताओं को मिली है। कहा कि सभी आपस में मिलकर इस जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करेंगे। कहा कि स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को पांच लाख से अधिक मतों से विजयश्री दिलाने के लिए मेहनत करेंगे। कहा कि कार्यकर्ता यदि संकल्प लेंगे तो जीत में सीकर राजस्थान में एक नंबर पर आयेगा। कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को नरेंद्र मोदी व स्वामी सुमेधानंद मानकर चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

उन्होंने कहा कि वे प्रदेश व जिले के शीर्ष नेतृत्व से मार्गदर्शन लेकर सबको साथ लेकर चलेंगे। कहा कि जिस प्रकार से जिला सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है उसी प्रकार वे पार्टी को भी अग्रणी भूमिका में लायेंगे। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल का जिले भर से आए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं, साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस दौरान जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा, डॉ. बलवंत सिंह चिराणा व संजय सैनी, गोविंदराम सैनी, पूर्णमल गुर्जर, बाबूसिंह बाजौर, प्रकाश दाधीच, राजकुमार जोशी, ऋतु पुजारी, बाबुलाल गुर्जर, सुरेश शर्मा, भागीरथ गोदारा, रामवतार बड़सरा, ओमप्रकाश बिजारणियां, अशोक चौधरी, जगदीश कुमावत, बरफी देवी, रामसिंह पिपराली, राजेंद्र सिंह धीरजपुरा, सुमन वर्मा, गंगासहाय यादव, सुशीला हुड्डा, गोपाल लाटा, ममता मुडोतिया, कविता चौधरी, पवन पुजारी, अनिता शर्मा, स्वदेश शर्मा, डॉ. बीएल रणवां, गोकुल प्रसाद माथुर, तुलसी अग्रवाल, निश्चय जीनगर, विष्णु काबरा, मयंक शर्मा, अशोक माथुर, एडवोकेट धर्मेंद्र कुड़ी, मुस्ताक खाँ, कैलाश बिलवाल, गिरीश प्रधान, मनोज बजाज, अनिल डोकवाल, ममता सिंह, सुमित शर्मा, प्रतिक माटोलिया, रवि सिखवाल, गौरव दीक्षित, विजय सैनी, महेंद्र पाराशर, संतोष खटीक, राजेंद्र भातरा, मंजू लोहिया, विमला चौधरी, शकुंतला कुमावत, रमा शेखावत, कविता चौधरी, उमा सैनी, तुलसी अग्रवाल, चंचल चौधरी, सावित्री दीक्षित, कंचन अग्रवाल, शारदा काबरा, सुनीता शर्मा, अंबिका शर्मा, अलका शर्मा, राज शर्मा, वीणा वर्मा, सीमा अग्रवाल, भंवरी खोखर, अनुराग शर्मा, कंचन बजाज, सुलोचना, रामकिशन सैनी, संपत सिंह, मनोज शर्मा, आदित्य डोकवाल, रामावतार रूंथला, जावेद किरडोली, नवरंग हलवाई, रविंद गहलोत, विश्वनाथ सैनी, दिनेश बोचीवाल मौजूद रहे।

केसर दुगोली हत्याकांड मामले का शूटर गिरफ्तार

## 13 साल से फरार चल रहा था, भतीजे की बारात मे शामिल होने आया तो पकड़ा गया



खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर की सदर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मर्डर के मामले मे 13 साल से फरार चल रहे 5 हजार रूपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी ने ही सीकर मे केसर दुगोली की हत्या की थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ मे जुटी है।

सदर थानाधिकारी इंद्रराज मरोड़िया ने बताया कि 7 जनवरी 2011 को बजरंगलाल निवासी दुगोली ने रिपोर्ट दर्ज करवायी कि उनके भाई केसरदेव की सांवली हॉस्पिटल के बाहर बालचंद पारीक की चाय की थड़ी के पास तीन आदमियों ने गोली मारकर हत्या कर दी और फिर बोलेरो गाड़ी मे बैठकर सीकर की तरफ भाग गए।

धटना मे केशरदेव की मौके पर मौत हो गई। बजरंगलाल ने पुरानी रंजिश को लेकर रामचंन्द्र, ओमप्रकाश, सोनाराम, बलदेवाराम प्रहलाद, उमेश पर अपने भाई की हत्या करने का शक जताया। फिश रिपोर्ट पर मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले मे 15 आरेपियो को गिरफ्तार कर लिया। जबकि आरोपी शूटर कुमरेश लगातार फरार चल रहा था। मामले मे अभी तक ओमप्रकाश, अरविंद, सोनपाल, प्रहलाद, शीशपाल को तो आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई जा चुकी है।

सदर थाना पुलिस ने आरोपी कुमरेश की तलाश में यूपी मे उसके गांव मे दबिश दी। लेकिन वह नही मिला। 13 मार्च को कुमरेश अपने भतीजे की शादी मे भौंरीकला आया हुआ था। जहा पुलिस ने दबिश देकर पकड़ लिया। आरोपी इतना शातिर है कि वह शादी से पहले होने वाले प्रीतिभोज कार्यक्रम के भी शामिल नही हुआ था। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए अपना गांव बदल लिया था और वह शामली गांव मे रहने लगा। इस कार्यवाही में सदर थाना पुलिस के अलावा उतरप्रदेश के रतनापुरी थाने के थानाधिकारी अक्षय शर्मा की भी अहम भूमिका रही।

## नवनियक्त संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने देखी दर्शन व्यवस्थाएं





खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** कस्बे में हाल ही में नवनियुक्त संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले में पहुंची और दर्शन व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागीय ने श्याम दर्शन मार्ग, चरण मेला मैदान, लखदातार मेला मैदान, 40 फुट नया रास्ता, दर्शन मंदिर प्रवेशद्वार, 75 फुट जिग जैक, मंदिर परिसर सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, एसपी भुवन भूषण यादव व श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने अब तक की श्रद्धालुओं के लिए की गई मेला व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। संभागीय आयुक्त ने बाबा श्याम की चौखट पर शीश नवाकर व हाजिरी लगाकर मेला सकुशल संपन्न की कामना की। श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह के चौहान ने संभागीय आयुक्त सिंघवी का स्वागत हुआ सम्मान किया गया।

## नायब सिंह के मुख्यमंत्री बनने पर फुले बिग्रेड ने मिठाई बांटी व आतिशबाजी के साथ डीजे बजाकर मनाया जश्न

खबरों की दुनिया



**सीकर।** हरियाणा सरकार में नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर राष्ट्रीय फुले बिग्रेड की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर मिठाई बांटी व आतिशबाजी के साथ डीजे बजाकर जश्न मनाया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी, सीकर संभाग प्रभारी नरेश मिटावा ,जिला अध्यक्ष सुनील घोराना, संगठन मंत्री सुशील रेटा, राधाकिशनपुरा सरपंच रामलाल, पार्षद शंकर लाल सांखला, दयाशंकर, संजय सैनी, कोषाध्यक्ष विनोद नटखट, प्रभारी रमेश पंवार, यूथ विंग अध्यक्ष देवेंद्र, सैनी समाज संस्था संरक्षक भंवरलाल, महिला अध्यक्ष नीलम सैनी यूथ विंग शहर प्रभारी गौरव सैनी, देवीलाल, प्रभु दयाल, मुकेश, राजेंद्र, ओमप्रकाश सचिव, दिनेश घोराणा, तारचंद पीपली नगर, पूर्ण मल पटेल, निवास दूधवाला, सुभाष, विजेंद्र सैनी, मोतीलाल कारोडिया, दीपक सैनी, पंचायत समिति सदस्य प्रेमचंद सिंगोदिया, आलोक मलकेड़ा, विजय सैनी आदि मौजूद थे।

## अग्रवाल महिला मंडल द्वारा फाग के रंग कान्हा के संग का आयोजन

**सीकर।** अग्रवाल महिला मंडल सीकर द्वारा 16 मार्च को सीकर में लक्ष्मी माता मंदिर चिरंजी पनवाड़ी की गली में भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया जायेगा। मंडल से समाजसेविका सनो मोदी ने बताया की इस में सभी महिलाएं लाल साड़ी में आयेगी और इस में एक प्रतियोगिता भी रखी है जिस में विजेता को पुरुस्कार दिए जायेगे। अध्यक्ष मंजू लोहिया ने बताया की फूलों की होली को प्रकृति के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। सिंथेटिक रंगों की तुलना में, फूलों का उपयोग स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बेहतर है। फूलों की होली से त्वचा और आंखों को भी नुकसान नहीं पहुंचता और न ही पर्यावरण प्रदूषित होता है। सामाजिक एकता का प्रतीक माने जाने वाला यह त्यौहार किसी भी जाति, धर्म, और सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी लोगों को एक साथ लाता है।

## बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेला परवान पर

खबरों की दुनिया



**खाटूश्यामजी।** शीश के दानी की जय, हारें के सहारे की जय,खाटू नरेश की जय, श्याम बाबा की जय जैसे जयकारों की गुंज से गुंजायमान हो रहा है खाटूधाम। बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी फाल्गुन मेले में लाखों श्याम भक्त बाबा श्याम के दीदार को आतुर हो रहे हैं। बाबा श्याम के 11 दिवसीय लक्खी मेले के चौथे दिन श्याम भक्त रींगस से खाटूश्यामजी पदयात्रा करते हुए चंग पर नाचते गाते गुलाल उड़ाते हुए बाबा श्याम के दर पर मत्था टेककर मन्नत मांगते नजर आए। बाबा श्याम का मुख्य मेला एकादशी को भरेगा। जिसको लेकर श्रीश्याम मंदिर कमेटी द्वारा बाबा श्याम के दरबार को आकर्षित रूप से सजवाया जा रहा है। श्याम भक्त पदयात्रा करते हुए हाथों में निशान लेकर प्रभू का दीदार कर रहे है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए रहे श्याम भक्त अब खाटूश्यामजी में डेरा डाल रहे हैं।ये प्रवासी लोग बाबा श्याम के लक्खी मेलें के दौरान यहीं रहते है और मेला समापन के पश्चात ही अपने गंतव्य को जाते हैं। श्रीश्याम मंदिर कमेटी द्वारा किए गए नवाचारों के चलते इस बार भक्तों दर्शनों में कम समय लग रहा है और आसानी से बाबा श्याम के दर्शन हो रहे है। वहीं श्रीश्याम मंदिर कमेटी ने दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं तथा वरिष्ठ जनों के लिए दर्शन करने की अलग से सुगम व्यवस्था की है। जिला प्रशासन से जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी व एसपी भुवन भूषण यादव लगातार लक्खी मेलें पर नजर बनाए हुए हैं वहीं उपखंड अधिकारी व मेला मजिस्ट्रेट गोविंद सिंह भींचर सम्पूर्ण मेले की निगरानी रख रही है। वहीं सहायक मेला मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह राजावत ने बताया कि बाबा श्याम के लक्खी मेलें में श्याम भक्तों में अपार जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनो में श्याम भक्तों की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने माकूल इंतजाम किए हैं। आने वाले श्याम भक्तों की सेवा में पुलिस व प्रशासन तत्पर है तथा श्याम भक्त पुलिस व प्रशासन का सहयोग करते हुए दर्शन करें।

## प्राकृतिक रंगों के संकल्प के साथ मारुति सखी मंडल में फाग उत्सव का आयोजन

खबरों की दुनिया



**सीकर।** संस्कृति को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाने वाली मारुति सखी मंडल का मासिक कीर्तन और फाग उत्सव सदस्य वीना अग्रवाल के आवास पे हुआ जिस में सभी महिलाओ ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ किया और कीर्तन किया। इसी के साथ फागउत्सव का भी आयोजन किया गया। सखी मंडल की सनू मोदी ने बताया की इस ग्रुप के माध्यम से हम हर सदस्य के आवास पे कीर्तन और सुंदरकांड पाठ करते है जिस से आवास पे एक पॉजिटिव ऊर्जा का संचार होता है। कीर्तन के साथ सभी महिलाओ ने फूलो की होली के साथ फाग उत्सव मनाया। ग्रुप ने संकल्प लिया की इस होली पे सभी प्राकृतिक रंगों का उपयोग करेंगे। केमिकल युक्त रंग त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। रंग लगने के बाद खुजली पड़ना, दाग पड़ जाना और सूजन पड़ जाना जैसी समस्याएं सामने आती हैं। वहीं, स्किन कैंसर का खतरा बना रहता है। इसलिए फूलो की होली से किसी को भी नुकसान नहीं होता। इस मासिक कीर्तन में सुशीला शर्मा पूजा शर्मा आशा शर्मा बीना अग्रवाल प्रेम अग्रवाल मंजू खेतान शांति खंडेलवाल विमला खंडेलवाल सावित्री नीमा सुनीता किरण कांता उर्मिला आनंदी संतोष कविता साधना सेठी उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## मोटरसाईकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाईकिल जब्त



खबरों की दुनिया

**निवाई।** स्थानीय पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी के आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया है। जिससे मोटरसाईकिल भी जब्त की है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार क्षेत्र मे अपराधियों की धरपकड व बढ रही चोरी, नकबजनी की वारदातों के खुलासे को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय के सुपरविजन मे पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम में थानाधिकारी सहित हैडकानि जीतपाल, नीरज कुमार, राधाकिशन व पायलेट को शामिल करके कार्यवाही करते हुए मोटरसाईकिल चोरी के दर्ज प्रकरण में आरोपी साजिद पुत्र मोहम्मद मजीद जाति मुसलमान निवासी अब्दुला की गली रजबन टोंक को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी से मोटरसाईकिल जब्त की गई। उन्होंने बताया कि परिवादी राकेश पुत्र ताराचन्द अग्रवाल निवासी जैन कालानी निवाई ने सोमवार को शाम के करीब 6:30 बजे मे मोदी धर्मशाला मे शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए। उन्होंने मोटरसाइकिल को धर्मशाला के बाहर खडी कर करीब 15 मिनट बाद वापस आकर देखा तो मोटरसाइकिल मोके से गायब थी। जिस पर उन्होंने आसपास मे पूछताछ करते हुए मोटरसाइकिल को तलाश किया परन्तु मोटरसाइकिल का पता नही चला।

पुलिस ने मामला दर्ज करके घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरों के फूटेज प्राप्त कर उनका गहनता से अवलोकन किया और आरोपी को चिन्हित करके गिरफ्तार किया। आरोपी से मोटरसाईकिल जब्त की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। जिससे अन्य मामलो का खुलासा होने की संभावना है।

# सरकारी योंजनाओं का लाभ आमजन को मिलें, विकास के लिए मिलने वाली राशि क्षेत्र के विकास में खर्च हो: खन्ना

## कार्यशाला में सरपंचों का हंगामा, सरपंचों के खिलाफ विधायक ने की टिप्पणी

खबरों की दुनिया

टोंक। भारतीय संसदीय संस्थान जनसंख्या एवं विकास नई दिल्ली के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को जिला परिषद टोंक के सभागार में जिला प्रमुख सरोज बंसल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य ,महिला सशक्तिकरण और अन्य सम्बन्धित मुद्दों में पंचायती राज संस्थाओं को भूमिका विषयक कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला में निवाई - पीपलू से भाजपा विधायक रामसहाय वर्मा की तरफ से सरपंचों की कार्य शैली को लेकर की गई टिप्पणी से हंगामा हो गया।मामला बिगड़ता देख टोंक के पूर्व विधायक एवं भाजपा टोंक के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने माइक संभालते हुए मामले को शांत किया। आईएपीडी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना था कि पंचायत से संसद तक गांवों के विकास में भागीदारी हो ,इस कार्यशाला में सरपंच ,विधायक व सांसद का मौजूद होना विकास का अनूठा संगम है । उन्होंने भारत में संयुक्त परिवार की सराहना करते हुए कहा कि इससे यहां वृद्ध आश्रम खोलने की आवश्यकता नहीं है ।क्योंकि यहां संयुक्त परिवार से किसी परिवार के सदस्य को अकेलापन महसूस नहीं होता । उन्होंने सरपंचों का आव्हान किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे । उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना की जानकारी देते हुए कहा कि गरीब लोगों को अनाज मिल रहा है ।खन्ना ने कहा कि कोरोना महामारी के समय भी कोई न कोई संदेश दिया जिसका ही कारण था कि प्राकृतिक ऑक्सीजन सेंटर बनाए गए ।




उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार का जिक्र करते हुए कहा कि यदि सरपंच ,विधायक व सांसद अपने क्षेत्र लोगों को परिवार में करके विकास की योजनाएं बनाएं तो निश्चित ही वह क्षेत्र विकास की दृष्टि से एक अच्छा मॉडल बन सकता है ।

भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने जिला परिषद को बधाई देते हुए कहा कि सांसद विकास निधि सहित विभिन्न योजनाओं की स्वीकृतियां कुछ ही दिनों में जारी की गई जिससे गांवों में विकास को गति मिलेगी । उन्होने कहा कि केंद्र सरकार को योजनाओं का लाभ पिछले दस सालों में आमजन तक पहुंचा है ।

उन्होंने किसान सम्मान निधि ,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना , हर घर शौचालय योजनाओं सहित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला । कार्यशाला में निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने सरपंचों से मुखातिब होते हुए कहा कि सच्चाई तो यह है कि विधायक ,सांसद विकास योजना फंड से सिर्फ राशि की डिमांड तो की जाती है लेकिन वास्तव में काम नहीं होता।विधायक की टिप्पणी से नाराज सरपंचों ने हंगामा खड़ा कर दिया बाद में पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता व नोडल अधिकारी नरेंद्र जैन ने समझाईश की बाद में सरपंच शांत हुए । पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने कार्यशाला पर सवाल उठाते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक दिखे तभी इसकी सार्थकता है । उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं चाहे चिकित्सा की हो पंचायती राज की अथवा शिक्षा विभागीय हो कोई भी योजना हो इसको देखना होगा कि इन योजनाओं तथा गिनाएं गए आंकड़े क्या धरातल पर दिखाई देते है ।उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं है जिनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति व परिवार को मिलें इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी प्रत्येक जनप्रतिनिधि की है ताकि उसका वास्तविक लाभ लोगों कोई मिल सकें ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा और दशा बदली है: जिलाध्यक्ष अजीतसिंह मेहता

### विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है: विधायक रामसहाय वर्मा

खबरों की दुनिया

**निवाई।** भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अजीतसिंह मेहता का स्वागत किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजीतसिंह मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में देश की दिशा और दशा बदली है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश कांग्रेस मुक्त हो गया है। जिलाध्यक्ष ने टोंक सवाई माधोपुर प्रत्याशी पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि टोंक विधायक सचिन पायलट कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता है फिर भी टोंक सवाई माधोपुर से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है। कार्यकर्ता सम्मेलन में निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र के सैकडों कार्यकर्ता पहुंचे हैं। यह इस बात को साबित करता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्येक बूथ स्तर का कार्यकर्ता तैयार है। उन्होंने कहा कि निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। मेरे परिवार की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार हूं। इस दौरान रेगर समाज द्वारा भी जिलाध्यक्ष मेहता का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष शंकरलाल टाडा, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, देवराज गुर्जर, दयाराम चौधरी, पार्षद नितिन छाबड़ा, परसराम कुमावत, सीआर विष्णु शर्मा, मूरलीधर मीणा, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा, हरीशंकर मंडालीय, वीरेंद्र गौतम, शंकरलाल हाथीवाल, हनुमान रजवास, मोहित चंवरीया, गणेश सिंह, एडवोकेट तेजभंवर सिंह, शिवदयाल गुर्जर, सियाराम शर्मा, सांवरिया सोनी, जितेंद्र विजय, लक्ष्मण खटाना, सीता देवी व निकिता वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।



## छात्रों के अधिगम परिणाम सुधार हेतु कार्यशाला आयोजित



खबरों की दुनिया

देवली। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली में छात्रों के अधिगम परिणाम सुधार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एसीबीईओ व सीबीईईओ ने बताया कि कार्यक्रम हेतु लियाकत अली व बलवीर सिंह मीणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया, जिनके निर्देशन में ब्लॉक के गणित विज्ञान विषय के 50 शिक्षकों ने कार्यशाला में भाग लिया जिसका उद्देश्य छोटे-छोटे समूह बनाकर शिक्षक उपागमों व शिक्षण प्रक्रिया पर परस्पर अंतःक्रिया कर छात्रों के अधिगम परिणाम में सुधार लाना रहा। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अर्पणा शर्मा व नासिर हुसैन द्वारा भी कार्यशाला को संबोधित किया गया। मंच संचालन मनीष चाष्टा वरिष्ठ अध्यापक द्वारा किया गया।

## फाग महोत्सव में गुलाल एवं फूलों से होली खेली, राधा कृष्ण की सजीव झांकी बनाई



खबरों की दुनिया

**टोंक।** कनक श्री महिला मंडल एवं आदिनाथ शुभकामना परिवार के सदस्यों द्वारा कोठारी भवन पुरानी टोंक में गुरुवार को फाल्गुन शुक्ल पंचमी के अवसर पर फाग महोत्सव मनाया गया। मधु जैन लुहाडिया ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम कनक श्री माताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर भक्तामर का पाठ एवं आदिनाथ चालीसा का वाचन किया गया, तत्पश्चात होली के गीतों पर झूमते हुए महिलाओं ने फूलों एवं गुलाल से होली खेलकर फाग महोत्सव मनाया। इस अवसर पर इंदिरा सोनी ने राधा का एवं मंजू सोनी ने कृष्ण का रूप धारण कर सजीव झांकी बनाई। होलिया में उड़े रे गुलाल, रंग मत डाले रे सांवरिया, नैना नीचा कर ले आदि गीतों पर महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया एवं एक-दूजे के गुलाल लगाकर होली मनाई, सभी ने आपस में गले लगकर एक दूसरे को होली की बधाई दी । महिलाओं ने विश्व व्यापी समस्या जल संकट को देखते हुए आगामी होली का त्योहार बिना जल के मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शीतल, सोनू, संजू, प्रेमलता, कम्मो, रानी, बीना, उषा, इंदिरा, मंजू, रेणू, संतरा, सुमन, अनीता एवं चंद्रकांता आदि मौजूद थी।

## नरेंद्र तिवारी विप्र महासभा के टोंक जिलाध्यक्ष मनोनीत

**देवली।** विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया ने दूनी निवासी नरेंद्र तिवारी पुत्र रामस्वरूप तिवारी को टोंक जिलाध्यक्ष मनोनीत कर समाज हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेशाध्यक्ष सुनील उदेईया ने बताया कि ब्राह्मण समाज में जागृति, नई दिशा, कमजोर वर्ग और गरीब के उत्थान, रचनात्मक कार्य एवं सभी संगठनों में सामंजस्य स्थापित कर ब्राह्मणों द्वारा रचित वेद, पुराण, धार्मिक विज्ञान, रीति रिवाज, त्यौंहार, परम्परा, संस्कार और विभिन्न व्यवस्थाओं को पुनः स्थापित करने, युवा वर्ग को जागृत कर संस्कारित करने के उद्देश्य से विप्र महासभा का गठन किया गया है। नरेंद्र तिवारी के अध्यक्ष बनने की सूचना मिलते ही शहर के कई गणमान्य सामाजिक बंधुओं ने तिवारी को साफा बंधवाकर व माला पहनाकर स्वागत किया।

## इंस्टाग्राम पर लड़की का फोटो वायरल करने का आरोपित गिरफ्तार

**देवली।** देवली थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम पर लड़की का फोटो वायरल करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि आइटी एक्ट प्रकरण में आरोपी द्वारा संचालित किया जा रहा इंस्टाग्राम अकाउण्ट पर स्वंय के व पीडिता के फोटोग्राफों को बदनाम करने के आश्य से वायरल कर रहा था। इंस्टाग्राम अकाउण्ट रिकोर्ड व आईपी एड्रेस से आरोपी को ट्रेस किया गया। वांछित आरोपी मुरारी लाल उर्फ रोहित पुत्र नाथुलाल जाति मीना उम्र 22 साल निवासी ग्राम ब्राम्हण बैराडा तहसील सिकराय थाना सिकंदरा जिला दौसा की तलाश हेतु कांस्टेबल प्यारे लाल को जिला दौसा भेजा गया। 2 दिन तक कठिन प्रयास के बाद प्यारे लाल वांछित आरोपी को डिटेन कर देवली थाना पहुंचे। थानाधिकारी राजकुमार नायक ने आईटी एक्ट का अपराध बखुबी प्रमाणित पाया जाने पर मुरारी लाल को गिरफ्तार कर लिया।

## कौशल विकास व जीवन कौशल की जानकारी दी



खबरों की दुनिया

**पीपलू।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रानोली में गुरुवार को 21 वीं सदी के कौशल के तहत नेतृत्व कौशल व्याख्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रोफेसर डॉ. मोनिका शर्मा ने छात्रों को नेतृत्व कौशल व जीवन कौशल संबंधी जानकारियां दी। बच्चों के लिए सरकार द्वारा बाल संरक्षण की योजनाओं की जानकारी दी। बाल श्रम करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया की कोई भी बालक मजबूरी में कहीं की काम करता है। उनके लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता सुरेश कुमार बैरवा, प्रधानाचार्य प्रहलाद लाल शर्मा, व्याख्याता पानमल गुर्जर, कृष्णा कंवर, दीनदयाल शर्मा व तेजकरण बैरवा सहित कई छात्र मौजूद थे।

## कृषि कार्य के दौरान किसान की बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

**देवली।** देवली थाना क्षेत्र के पनवाड़ गांव में कृषि कार्य के दौरान फसल में दवा छिड़कते हुए एक किसान बेहोश हो गया, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पनवाड चौकी प्रभारी हेडकॉन्स्टेबल बद्री लाल यादव ने बताया कि बाबूलाल पुत्र गोपाल लाल मोग्या मूंग के खेत में कीटनाशक दवा छिड़काव कर रहा था। इसी दौरान वह बेहोश हो गया, जिसे परिजन पहले देवली अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे कोटा एमबीएस अस्पताल लेकर आए।

जहां इलाज के दौरान बुधवार शाम उसकी मौत हो गई। गुरुवार को देवली थाना पुलिस ने मृतक किसान बाबूलाल का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिव्यांग विद्यार्थीयों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान जागरूकता का दिया संदेश

खबरों की दुनिया

**देवली।** मानव धर्म बहुदिव्यांग विद्यालय देवली द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत मानव श्रंखला आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में दिव्यांग विद्यार्थियों ने मानव श्रंखला बनाकर मतदान से सम्बन्धित रोचक और संदेशप्रद स्लोगन लिखकर मतदान हमारा अधिकार है, हर दिव्यांग व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए, का संदेश दिया। संस्था निदेशक रणवीर सिंह चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को आम चुनाव मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यालय अधीक्षक गजेन्द्र सिंह मीणा, लेखापाल सत्यनारायण सेन, सुरेश अग्रवाल, प्रचार्य महेश कुमार शर्मा, कॉर्स कॉर्डिनेटर जगतबहादुर यादव, अभीजीत यादव, अंशु शर्मा, कृष्णा देवी, विशेष शिक्षक बिरदी चन्द प्रजापत, विवेक टांक, मनोज गुर्जर, शिवराज गुर्जर, विशेष शिक्षिका कोमल शर्मा, उर्मिला गौतम, उपासना गुर्जर, किरण वैष्णव, नरेश कुमार मीणा, प्रमोद कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल सैनी, त्रिलोक कुमार बंशीवाल, राहुल कुमार शर्मा एवं संस्थान के सभी कार्मिक उपस्थित रहे।



## भगवान मल्लिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर चढ़ाया निर्वाण लड्डू

### सब्र व सहनशीलता कमजोरी नहीं - आर्यिका विज्ञाश्री

खबरों की दुनिया

**निवाई।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में भगवान मल्लिनाथ जी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया गया जिसमें अभिषेक शान्तिधारा का अवसर शैलेन्द्र संघी, हितेश छाबड़ा, विमल पाटनी, महेश मोठूका निवाई वालों ने प्राप्त किया। इस दौरान गुरुवार को मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में हितेश छाबड़ा, शैलेंद्र जैन, महेश मोठूका एवं विमल जौंला ने पूज्य गुरु माँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भगवान शांतिनाथ जी नेमीनाथ जी के साथ भगवान मल्लिनाथ जी के विशेष अभिषेक शांतिधारा करके पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान मल्लिनाथ जी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने मोक्ष लड्डू चढ़ाया। इस दौरान पूज्य विज्ञा श्री माताजी ससंघ की निर्विघ्न आहारचर्या जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा निवाई द्वारा सम्पन्न करवाई गई। इस अवसर पर माताजी ने सभी को सहनशक्ति बढाने व क्रोध शांत करने के लिए उद्बोधन देते हुए कहा कि गुस्सा पलभर में सब कुछ बर्बाद कर देता है। गुस्से को काबू कर लिया जाए तो कई समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने खिलाफ होने वाली बातों को खामोशी से सुन लेना तो यकीन मानना वक्त उसका बेहतरीन जवाब देगा। क्योंकि सब्र व सहनशीलता कोई कमजोरी नहीं होती है। ये तो अंदरूनी ताकत होती है जो सब में नहीं होती।



## फागोत्सव व भजन संध्या आज

**निवाई।** इन्दिरा विस्तार कॉलोनी में शुक्रवार को फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संयोजिका सुनिता बडागांव ने बताया कि फागोत्सव को लेकर श्याम बाबा की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। उन्होंने बताया कि फागोत्सव में गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस दौरान सभी महिलाएं ड्रेसकोड में भाग लेगी।

भजन संध्या में श्रद्धालु फूलों की होली भी खेलेंगे। इस दौरान बाबा श्याम की महाआरती करके फागोत्सव का समापन किया जाएगा।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., Jaipur**

No. NIT/2023-24/30711-23 Date : 14-03-2024

**अल्पकालिन ई-निविदा सूचना संख्या 763/2023-24**

निम्नलिखित सेवा कार्यों के लिए अनुभवी एजेन्सियों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|
| Hiring of Services from Placement Agencies for office of RSRDC Ltd., **Unit-Bhilwara, Jhunjhunu, Bharatpur & Sikar.(04 No. works) UBN:(1)RRC2324SSOB01541, (2) RRC2324SSOB01537, (3) RRC2324SSOB01542, (4) RRC2324SSOB01538** | 28.42 Lakh |

निविदा प्रपत्र शुल्क, धरोहर राशि से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाइट http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc एवं http://sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है।

महाप्रबन्धक

**सीधी भर्ती : गैर-तकनीकी पद**

**विज्ञापन सं.: सी-डैक / एमबी/02/2024/2403**

सी-डैक CDAC

प्रगत संगणन विकास केन्द्र (सी-डैक) इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख अनुसंधान संस्था है, जो आई.टी., इलेक्ट्रॉनिकी एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास के कार्य करती है।

निम्न गैर तकनीकी पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| ग्रुप सी-लेवल 5 | 1 पद (Unreserved) | सहायक |
| ग्रुप सी- लेवल 4 | 1 पद (OBC) | कनिष्ठ सहायक |

इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत अधिसूचना के लिए www.cdac.in के 'कैरियर' पेज देखें और वे 31 मार्च, 2024 से पहले या तक ऑनलाइन माध्यम द्वारा आवेदन कर सकते हैं।

नोट : इस संबंध में परिशिष्ट / अन्यस जानकारी, यदि कोई हो, तो सी-डैक के वेबसाइट द्वारा ही सूचित किया जाएगा।

पता : सी-डैक, गुलमोहर क्रॉस रोड नं. 9, जुहू, मुंबई 400049

एक दूर दर्शिता एक लक्ष्य... मानव विकास के लिए प्रगत संगणन

CBC/ 06138/12/0006/2324

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :-न.प.टोंक/निर्माण/2023-24/16797 दिनांक :- 12.03.2024

**संशोधित निविदा सूचना**

**(NIB No. DLB2324A9755) (NIB No. DLB2324A9768)**

नगर परिषद टोक द्वारा ऑन लाईन निविदा संख्या 41/2023-24 के पत्रांक 16581 दिनांक 7.03.24 एवं 42/2023-24 पत्रांक 16600 दिनांक 07.03.24 द्वारा जारी की गई थी। उक्त निविदा दिनांक 13.03.2024 ऑन लाईन किया जाकर दिनांक 14.03.2024 हार्ड कॉपी प्राप्त कर खोली जानी थी। जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 16.03.2024 तक शाम 6.00 बजे तक ऑन लाईन विक्रय की जायेगी तथा दिनांक 18.03.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त कर सायं 4.00 बजे ऑन लाईन खोली जायेगी। शेष शर्ते यथावत रहेगी विस्तृत शर्ते व विवरण www.Sppp.rajasthan.gov.in, http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। **UBN No. - (DLB2324WSOB36573, DLB2324WSOB36577, DLB2324WSOB36581) - (DLB2324WSOB36621)**

अधिशाषी अभियन्ता
नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद/सी/23/14873

# जो चुप-चाप रहती थी दीवार पर वो तस्वीर बातें बनाने लगी



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार



फोटो बड़े गुल खिलाती है...सेल्फी के दौर में खतरा और बढ़ गया है...कई लोग तो सीएम भजनलाल संग खुद के फोटो टांग जायज-नाजायज काम निबटा रहे हैं...भजन लाल भले ही इन्हें नहीं जानते हों लेकिन इन्होंने आदमकद फोटो ऐसे लगा रखे हैं गोया बरसो का याराना हो...सुना है सूबे में चुनाव से पहले एक स्कूल वाले की बत्ती गुल हो गई थी...तो ये जनाब जनसेवक की सेवा में चले गए... आयोजन-प्रयोजन में साथ रहे...इस बीच एक मौके पर किसी सभा में परीचित ने माला पकड़ा दी और भजनलाल का स्वागत करा दिया.. बेमन से जनाब ने माला पहना दी...हाथ मिलाया..साथी ने मोबाईल से फोटो खींच लिया...लेकिन जनाब को भजनलाल के जीतने की उम्मीद बिल्कुल नहीं थी...तो इन जनाब का पलड़ा जनसेवक की सेवा में झुका रहा...परिणाम आए तो हुआ उल्टा...भजन जीत गए..जीत ही क्या गए..मुख्यमंत्री भी बन गए...बस फिर क्या था..ये जनाब ऐसे मुरीद हुए कि भजन संग बड़ी-बड़ी फोटो बनवाई और स्कूल के बाहर टांग दी..बात सिर्फ इतनी भर नहीं...पूछने वालों को आज तक कहते पाए जाते हैं...अपने भाई साहब हैं...अपने भरतपुर के हैं...तो कौन पड़ताल करे...सब सीएम को इनका भाई साहब मानते हैं...जो नहीं मानते वे स्कूल के बाहर फोटो देख मान जाते हैं...अब जनाब की कोठी बन रही है...क्या मजाल कोई उंगली उठा दे...तो फोटो बड़े-बड़े गुल खिलाते हैं...किसी जमाने में एक कांग्रेसी मंत्री का फोटो करौली के डाकूओं संग छप गया था...खूब हंगामा हुआ...अब सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है...बागी भतीजे अजीत सिंह को हिदायत दी है कि वे चाचा शरद पंवार का फोटो पार्टी प्रचार के लिए इस्तेमाल ना करें...पीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा है कि जब चुनाव आता है तो आपको उनके चेहरे की जरूरत होती है और जब चुनाव जीत जाते हैं तो आप पार्टी छोड़ देते हैं...बात पते की है...वैसे यह पहला मौका नहीं है...समय-समय पर फोटो का इस्तेमाल खुद के फायदे के लिए होता रहा है....एक दल तो इस कला में खासा पारंगत है...चौड़े-धाड़े नेता ही ले उड़ा और सामने वाले देखते रह गए...फोटो का झंझट ही नहीं छोड़ा...विशालकाय मूर्ती गढ़ नेता को अपना बना लिया...आज तक उनके इतिहास को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करता आ रहा है...और जिस दल से ये नेताजी रहे हैं...वे खामोश हैं...बेचारे दुनिया की सबसे बड़ी मूर्तियों में से एक मूर्ति को देख-देख कर ही परेशान हुए जा रहे हैं...असल में दल को मूर्ति से गुरेज नहीं...परेशानी इस बात पर है कि नेता उनका और फोटो इस्तेमाल कर रहा है कोई और...फोटो होती ही ऐसी हैं...मानसरोवर में एक पान वाले ने भी फोटो का खूब इस्तेमाल किया है...आज कल इस दुकान पर पानी पतासी, चाऊमिंग से लेकर बड़ा पाव-छोटा पाव तक मिलता है...पान की दुकान पर पहली सी रौनक नहीं रही।

> सेल्फी के दौर में फोटो बड़े काम की हैं...पेपर लीक सरगना के साथ फोटो जेल करा सकती है तो किसी बड़े नेता के साथ फोटो बेल भी करा सकती है...एक जनाब की संस्था के लिए तो फोटो संजीवनी साबित हुई है...चुनाव के दौरान क्लिक फोटो बड़े काम की हो गई है... सुना है जब यह फोटो खिंचवाई थी तो साहब के जीतने की उम्मीद कम थी...अब जब साहब सीएम हो गए हैं तो जनाब ने फोटो संग खुद को बड़ा कर लिया है...तूती बोल रही है...सब समझते हैं या यूं कहें समझाया जा रहा है कि सीएम साहब....भाई साहब हैं! अब भाई साहब हैं या नहीं, पड़ताल आप करते रहें...फोटो कमाल दिखा रहे हैं...फोटो कमाल दिखा रही है!

लेकिन कभी इसी दुकान की पहचान सिने सितारों के साथ फोटोज के कारण चर्चित हो गई थी...कहते हैं जनाब मुबई में पान का बीड़ा लेकर हीरो-हीरोईन के यहां सेट पर चक्कर लगाया करते थे..ढेरो पान बनाकर ले जाते...यूनिट के लोगों को खिलाते...मुफ्त खिलाते और मौका पाकर हीरो-हीरोईन तक पान ले जाने में सफल होते...इसी दौरान फोटो क्लिक कर लेते...हीरो-हीरोईन को भी कोई एतराज नहीं...अक्सर सभी ऐसा करते हैं...लेकिन जनाब ने इन्ही फोटो के जरिए दुकान जमा ली...यदा-कदा मीडिया से जुगलबंदी कर अच्छा कवरेज पाया...मुगालते में कुछ सेलिब्रिटी ने खास मौके पर पान मंगाए...लेकिन पान खास नजर नहीं आए...आम पान..कैरी पान... और ना जाने कैसे पान फेल हो गए...जनाब का बीड़ा फेल हो गया...हालांकि इस बीच गोलगप्पे...बड़ा पाव चल निकले... जगह ही ऐसी है तो चाट-पकोड़ी चल निकली...वरना तो जनाब ने फोटो का इस्तेमाल करने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी...तो फोटो बड़े काम के होते हैं...तभी तो अखबारों में खबर से ज्यादा फोटो पर फोकस रहता है...मीडिया विरोधियों के फोटो नहीं छापता तो गोदी मीडिया हो गया है...सत्ता को फर्क नहीं पड़ता...ये रोज बड़े-बड़े इश्तहार देकर फोटो छपवा रहे हैं...गारंटी दे रहे हैं...फोटो हैं ही ऐसे...किस्सा है, कोई पंद्रह साल पुराना होगा...एक जनाब जिस्मफरोशी के धंधे में पकड़े गए...लड़कियों के साथ इन जनाब का फोटो भी छप गया... आमतौर पर ऐसा होने पर कोई मुंह छिपाता फिरता है लेकिन ये जनाब फोटो लेकर खुद का खुद ही प्रचार करते रहे...एक समय ऐसा आया कि लोग इसे अच्छी तरह पहचानने लगे...जिस किसी को लड़की की जरूरत होती...सीधे संपर्क करता...तो फोटो होती ही ऐसी हैं... घर की दीवार पर टंगी फोटो हमारी पीढ़ी की पहचान होती है...इन्हे देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है...अब सेल्फी का दौर है...तो लोग बड़े लोगों के साथ फोटो क्लिक करने को आतुर रहते हैं...भले ही भीड़ के बीच जिर्राफ बनना पड़े...बस चेहरा आ जाए..फोटो खिंचवाने से नहीं चूकते... सुप्रीम अदालत का निशाना सही जगह लगा है...यही भतीजा कभी चाचा के गीत गाया करता था...आज उनकी घड़ी तक ले उड़ा है...उम्र का भी ख्याल नहीं किया...उम्र के इस दौर में चाचा को फिर से मेहनत करनी पड़ रही है...लेकिन चाचा है खासा पापुलर तो भतीजा फोटो का बेजां इस्तेमाल करता है...बस इसी पर अदालत ने सवाल खड़ा किया है...वैसे बड़े आदमियों के साथ इस तरह के और भी सार्वजनिक फोटो पर गौर किया जाना चाहिए...क्या पता बहुतों की पोल खुल जाए...पता चले कि इसी आड़ में गोरखधंधा चल रहा है...जैसा कि ये स्कूल वाले जनाब कर रहे हैं...तो फोटो को हलके में ना लें...जहां भी जाएं...फिराक में रहें जैसे ही मौका मिले फोटो खींच लें...क्या पता कब कौन बड़ा आदमी बन जाए...और कुछ नहीं तो अपनी दुकान तो चल ही जाएगी...!

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# पाक की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी



आर. के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्यसभा

आसिफ अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे। पर, किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वो 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए। जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनावों में पीपीपी को जीत दिलाई और सैन्य नेता जनरल परवेज़ मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें ÷मिस्टर टेन परसेंट÷ का लेबल दिया।उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया।

जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ़्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ़्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजरी भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कर लिया था। जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया,जिसमें फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साजिश रचने तक के केस शामिल थे। लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए। 1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर से चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था।

दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे।

हालाँकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तानी अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे।

इमरान खान के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद लग रहा था कि अब आसिफ अली जरदारी की पारी का अंत हो गया। पर, आपको याद होगा कि जरदारी की पार्टी ने अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के माध्यम से इमरान खान की सरकार को हटाने के लिए मुस्लिम लीग (नवाज) और अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया था। तब इमरान खान की सरकार गिर गई थी और उसके बाद देश में गठबंधन सरकार बनी। जिसके प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ बने और विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो जरदारी।

अगर जरदारी की भारत को लेकर रही सोच की बात करें तो वे कम से कम अपने ससुर जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह भारत विरोधी कभी नहीं लगे। वे कभी भारत नहीं आए हैं। उनकी अजमेर में गरीब नवाज की चौखट पर हाजिरी देने की ख्वाहिश थी। सन 2008 में पूरी होते-होते रह गईं थीं। तब जरदारी भारत आने वाले थे। पर वे चाहकर भी भारत नहीं आ पाए। उनका इरादा यही था कि दिल्ली आएंगे तो अजमेर में ख्वाजा मुईनउद्दीन चिश्ती की मजार पर चादर तो चढ़ा ही लेंगे। दरअसल तब उन्हें राजधानी में एक अंग्रेजी अखबार की तरफ से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए दावत दी गई थी। पर अफसोस कि तब भारत-पाकिस्तान के संबंधों में मौजूदा गर्मजोशी नहीं थी। तनाव को साफतौर पर महसूस किया जा सकता था। जाहिर है,जरदारी भारत नहीं आ पाए थे। जरदारी को इस बात जानकारी होगी ही कि उनके ससुराल का भारत के दो शहरों क्रमशः जूनागढ़ और मुम्बई से बहुत गहरा रिश्ता रहा है। जब जरदारी की पत्नी बेनजीर भुट्टो की निर्मम हत्या हुई थी तब जूनागढ़ में भी शोक की लहर दौड़ गई थी। यहां के वांशिदें बेनजीर भुट्टो को कहीं न कहीं अपना ही मानते थे। जूनागढ़ शहर की जामा मस्जिद में इमाम मौलाना हाफिज मोहम्मद फारूक की अगुवाई में उनकी आत्मा की शांति के लिए नमाज भी अदा की गई थी।

उनके ससुर का मुंबई से गहरा नाता रहा। हालांकि जरदारी उस अखबार के कार्यक्रम में शिरकत तो नहीं कर पाए थे पर सेटेलाइट लिंक के माध्यम से उन्होंने सम्मेलन को संबोधित किया था। उन्होंने सात-आठ सवालों के उत्तर भी दिए थे। भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर पूछे गए चुभने वाले सवालों के सुलझे हुए जवाबों ने उनके पक्ष में माहौल भी बनाया था। जरदारी का भाषण समाप्त होने के बाद उनसे एक सवाल यह भी किया गया ' क्या आपको लगता है कि कभी भारत-पाकिस्तान दोनों के रिश्तों में मिठास आएगी ? कुछ पल ठहरने के बाद उनका जवाब आया। उन्होंने कहा था- मुझे तो यकीन है कि भारत-पाकिस्तान अपने तमाम आपसी मसले हल कर लेंगे। मैं मानता हूं कि हर पाकिस्तानी के दिल में भारत और पाकिस्तानी के दिल में भारत बसता है। जरदारी के इस उत्तर को सुनकर राजधानी के उस पांच सितारा होटल के भव्य कांफ्रेस रूम में तालियां गड़गड़ाने लगीं। दरअसल यही जुमला उनकी पत्नी और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने भी बोला था जब वे इसी सम्मेलन सन 2002 में आईं थीं। तब तक दोनों पति-पत्नी दुबई में निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे थे। फिलहाल तो वे अपने ऊपर लगे तमाम आरोपों को पीछे छोड़ दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन चुके हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

आरटीडीसी कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन

# आज हम ऊपर आसमां नीचे का सा एहसास

## –नाहरगढ़ स्थित पड़ाव पर आरटीडीसी व जयपुर डेयरी के संयुक्त तत्वाधान में शुरू हुआ सरस पार्लर







खबरों की दुनिया

गुरूवार को जयपुर शहर के नाहरगढ़ स्थित पड़ाव रेस्टोरेन्ट पर राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) द्वारा आरटीडीसी कॉन्क्लेव 2024÷ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पड़ाव कैफेटेरिया पर आरटीडीसी एवं जयपुर डेयरी के संयुक्त तत्वावधान में सरस पार्लर का भी उद्घाटन जयपुर डेयरी की सीएमडी श्रीमती सुषमा अरोड़ा व आरटीडीसी की एमडी श्रीमती अनुपमा जोरवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर में ऊंटनी के दूध के पाऊच भी बिक्री के लिए भी उपलब्ध करवाए गए।

कॉन्क्लेव में आरटीडीसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं गौरव पूर्ण यात्रा के बारे में एवं साथ ही साथ प्रमुख होटल्स के बारे में भी दस शॉर्ट मूवी भी दिखाई गई।

इस अवसर पर जयपुर डेयरी की सीएमडी सुषमा अरोड़ा ने आरटीडीसी की एमडी अनुपमा जोरवाल का आभार जताते हुए कहा आरटीडीसी द्वारा सरस पार्लर को जगह देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि जयपुर डेयरी सहकारिता के उद्देश्यों को पूरा करता है। श्रीमती अरोड़ा ने कहा कि आरटीडीसी के हाथ मिलाकर सरस डेयरी को खुशी है। उन्होंने कहा की आने वाले समय में प्रयास किया जाएगा की आरटीडीसी की अन्य यूनिट्स में भी सरस पार्लर स्थापित किए जाएं।

इस अवसर पर श्रीमती जोरवाल ने कहा आरटीडीसी दशकों से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक साथ मिलकर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि यूट्यूबर्स और ब्लागर्स का मनोबल बढ़ाया और कहा कि उनके मन की बात को उचित प्लेटफॉर्म पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती जोरवाल ने कहा कि आने वाले समय में आरटीडीसी नए कवलर में प्रदेश में पर्यटकों को बढ़ावा देते हुए पधारो म्हारे देश की परिकल्पना को साकार करेगा।

इस कॉन्कलेव में प्रदेश के चुनिंदा ब्लागर्स व यूट्यूबर्स के साथ बातचीत करते हुए उन्हें एक मंच प्रदान किया गया। ब्लागर्स व यूट्यूबर्स ने इस अवसर अपने मन की बात कहते हुए अपने सुझाव व समस्याएं बताई। सभी ब्लॉगर्स व यूट्यूबर्स ने एक समवेत स्वर में उन्हें मंच देने के लिए आरटीडीसी का आभार जताया। यूट्यूबर्स और ब्लागर्स ने कहा कि आरटीडीसी के इस आयोजन में ऐसा लग रहा है कि आज हम ऊपर आसमां नीचे...

आरटीडीसी कॉन्क्लेव 2024 के मंच का संचालन आरटीडीसी के कार्यकारी निदेशक श्री राजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। इस अवसर पर आरटीडीसी कार्मिकों का उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भी सम्मान किया गया।

## 'परिवर्तन'

परिवर्तन से ना घबरा
तु, हर परिस्थिति में
निखरा है तु।।
जब भी खूद को
बदलना, चाहा तब आगे
बढ़ा है तु।।
उस पथ की राह कठिन
थी, पर हर मुश्किल में
संवरा है तु।।
अजीब-सी रही
परिस्थितियां, पर मंजिल
के करीब रहा है तु।।
आसान नही था सबकों
बदलना, पर खुद ही बदल
कर हर बार संवरा है तु।।

- उषा मेहरा
कवियत्री,
टोंक, राजस्थान

# सामाजिक रिश्ते हैप्पीनेस की उड़ान में पंख की मानिंद

खबरों की दुनिया

**मुरादाबाद।** टीईडीएक्स स्पीकर, इकोनोमिस्ट, हैप्पीनेस रिसर्चर एंड ट्रेनर डॉ. प्रभात पंकज बोले, सामाजिक रिश्ते हैप्पीनेस की उड़ान में पंख की मानिंद हैं। हैप्पीनेस एक पॉजिटिव इमोशन है। हैप्पीनेस के अनेक सबब होते हैं। एडल्ट डवलपमेंट, सोशल, फिजियोलॉजी, इकोनोमिक्स के शोध यह बताते हैं कि हैप्पीनेस के जरिए हम अपने और दूसरों के जीवन को संवार सकते हैं। अनेक बार जब हम एकांत में होते हैं तो हमें महसूस होता है कि जीवन में खुशी का अभाव है। केवल प्रतिष्ठा, धन, पद, पॉवर आदि हैप्पीनेस के मानक नहीं हो सकते। विज्ञान ने स्पष्ट किया है, हैप्पीनेस के लिए जीवन का एक निश्चित उद्देश्य होना जरूरी है। हमारे सामने अहम सवाल यह है, क्या हम अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं? इसके लिए मेरी बड़ी हां है। रिसर्च प्रोजेक्ट और व्यवहार से भी यही निष्कर्ष निकलता है। इसके लिए हमें नए तरीकों को अपनाना होगा। अब हमें इस आदत को छोड़ देना चाहिए कि देर हो चुकी है। मसलन जब जागो तभी सवेरा है।



डॉ. प्रभात तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से आयोजित लीडरशिप टाक सीरीज में लर्निंग टु बी हैप्पी- एविडेंसिस फ्रॉम न्यूरोसाइंस पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व डॉ. प्रभात पंकज ने बतौर मुख्य वक्ता, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन ने बतौर विशिष्ट अतिथि, टाक सीरीज की कन्वीनर एवम् डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन लॉ कॉलेज प्रो. हरबंश दीक्षित, डॉ. गीतान्शु डावर आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके टाक सीरीज का शुभारम्भ किया। मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन ने मुख्य वक्ता का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनन्द ने किया।

डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने इस बात पर चिंता जताई, वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स 2023 में 136 देशों में भारत 126वीं पॉजिशन पर है। यह विचारणीय सवाल है, हम ताली बजाएं या संजीदगी से लें। हम सबके सामने गंभीर सवाल यह है, हैप्पीनेस में इजाफे के लिए स्ट्रेस को कैसे कम करें? उन्होंने हैप्पीलाइफ को अंग्रेजी की एक कुटेशन के जरिए परिभाषित करते हुए कहा, एक खुशहाल जीवन वह है, जिसमें लर्निंग, अर्निंग और यर्निंग का समावेश हो। सच यह है, जो आपके जीवन में खुशी को प्रेरित करती है, उसे एक्सप्लोर करने की जरूरत है ताकि आप संसार को प्रकाशित कर सकें। लीडरशिप टाक में मुख्य वक्ता से सवाल-जवाब का दौर भी चला। ऑडी में मौजूद फिजियोथैरेपी, पैरामेडिकल, लॉ कॉलेज, सीसीएसआईटी, एफओई, फार्मेसी आदि कॉलेजों के करीब दो दर्जन छात्र-छात्राओं ने हैप्पीनेस ट्रेनर डॉ. प्रभात से सवाल पूछे। मसलन शारीरिक गतिविधियों की जीवन में क्या भूमिका है? ऐसे क्या एक्टिविटी है, जिससे हम और ऊर्जावान महसूस कर सकें? चुनौतियों से हम कैसे सीखें और उन्हें अवसरों में कैसे बदलें? अपने दैनिक जीवन में सेंसिबिलिटी और प्रीडक्टिविटी को बढ़ाने के लिए क्या करें? टाक सीरीज में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया, पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, वाइस प्रिंसिपल जसलीन एम., फार्मेसी के प्राचार्य प्रो. अनुराम वर्मा, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, फार्मेसी के वाइस प्रिंसिपल प्रो. पीयूष मित्तल, डॉ. अलका अग्रवाल, एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीन जैन, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह आदि के संग-संग विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# संवेदनशीलता के साथ करें परिवादों का निस्तारण : निधि बीटी

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

माह के द्वितीय गुरुवार को होने वाली उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर निधि बीटी ने राजाखेड़ा में आयोजित जनसुनवाई में परिवाद सुने। जिला कलक्टर ने परिवादियों द्वारा दर्ज किए गए परिवादों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजाखेड़ा बाजार में महिलाओं के लिए सामुदायिक शौचालय निर्माण कराने का परिवाद प्राप्त हुआ जिस पर जिला कलक्टर ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को समुचित कार्यवाही करते हुए समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम टडावली में विद्यालय के पास गंदे पानी के जलभराव की समस्या का परिवाद ग्रामीणों द्वारा दिया गया। ग्राम देवखेड़ा में सीसी खरंजा व नाली निर्माण का



परिवाद मिला। जिला कलक्टर ने परिवादो के निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

ग्रामीणों द्वारा उपभोग से अधिक राशि के बिजली बिल आने की शिकायत पर जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत मीटरों की जांच करवाने के निर्देश दिए। ग्राम खनपुरा में पेयजल की समस्या समाधान हेतु हैंडपंप की स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करवाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान कुल 28 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान उपखंडाधिकारी मनीषा मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिवादों का करें त्वरित निस्तारण: सांवरमल वर्मा

## संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने की सैंपऊ में जनसुनवाई

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले मामलों पर परिवादियों को उनके मामलों में यथा स्थिति प्रगति से नियमित समय पर अवगत कराते हुए परिवादों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संभागीय आयुक्त गुरुवार को सैंपऊ में आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवादियों द्वारा दर्ज किये गये परिवादों का प्रशासन एवं सम्बन्धित अधिकारी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी



स्फूर्त ढंग से कार्य करें।

सभी विभागीय अधिकारी परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान पेंशन, बिजली तथा गैस कनेक्शन संबंधी 18 परिवाद प्राप्त हुए जिनके उचित निस्तारण हेतु अधिकारियों का निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अनुज्ञप्तिधारकों की अनुज्ञप्ति अवधि 30 जून तक बढ़ी

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार लोक सभा चुनाव-2024 की घोषणा पर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की अवधि में मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु नीलामी की कार्यवाही सम्पादित नहीं की जा सकेगी। इस अवधि में मदिरा दुकानों के अन्तरिम बन्दोबस्त की व्यवस्था हेतु इस विभाग की आज्ञा की निरंतरता में मदिरा दुकानों के वर्ष 2023-24 के अनुज्ञप्तिधारकों की अनुज्ञप्ति अवधि 30 जून तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। अनुज्ञप्ति अवधि में वृद्धि के लिए इन दुकानों की वर्ष 2024-25 हेतु नवीनीकरण के लिये निर्धारित वार्षिक गारंटी राशि की एक चौथाई राशि की गारंटी पूर्ति, बढ़ाई गई अवधि में करनी होगी, परन्तु यदि कोई अनुज्ञाधारी निर्धारित गारंटी पूर्ति नहीं कर पाये तथा लोकसभा चुनाव के पश्चात संबंधित दुकान के नियमानुसार नीलामी / टेण्डर अथवा अन्यथा आवंटन किये जाने पर वार्षिक गारण्टी राशि कम प्राप्त होती है, तो इस अवधि हेतु निर्धारित गारण्टी राशि में भी अनुपातिक रूप से कमी की जाकर तद्नुसार ही बकाया का निर्धारण किया जायेगा। लोकसभा चुनाव के बाद सबंधित दुकान की नीलामी या अन्य प्रकार से आवंटन द्वारा निर्धारित वार्षिक गारंटी राशि के अनुसार अनुपातिक त्रैमासिक राशि तक ही अनुज्ञाधारी से बकाया गारंटी राशि वसूलनीय होगी। अनुज्ञाधारी से दुकान की वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित वार्षिक लाइसेंस फीस की एक चौथाई राशि वार्षिक लाइसेंस फीस के रूप में ली जायेगी। यह राशि 3 समान किश्तों में अप्रैल से जून माह में प्रतिमाह नकद या मासिक गारंटी पूर्ति पश्चात मदिरा उठाव द्वारा जमा कराई जा सकेगी। अनुज्ञाधारी द्वारा वर्ष 2023-24 की बकाया गारंटी पूर्ति भी 30 जून तक मदिरा उठाव या नियमानुसार नकद जमा कराके की जा सकेगी। अनुज्ञाधारी द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु जमा कराई गई अग्रिम वार्षिक गारंटी राशि का मदिरा उठाव द्वारा समायोजन भी 30 जून तक कराया जा सकेगा। दुकान हेतु वर्ष 2023-24 के लिये जमा कराई गई धरोहर राशि की प्रभावी तिथि भी 30 जून तक रहेगी। दुकान के लिये अन्य शर्तें वर्ष 2024-25 की आबकारी एवं मद्य-संयम नीति के अनुसार रहेंगी। आबकारी एवं मद्य संयम नीति वर्ष 2024-25 में किए गए प्रावधान अनुसार लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की दिनांक तक नवीनीकरण या नीलामी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित दुकानों पर यह प्रावधान लागू नहीं होगा।

# मारपीट व डरा धमकाकर मोटरसाइकिल छीनने के आरोपी को किया गिरफ्तार



**करौली।** पुलिस थाना कोतवाली करौली द्वारा मारपीट व डरा धमकाकर मोटरसाइकिल छीनने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि राजू निवासी विसोरी के द्वारा आरोपी के विरूद्ध मारपीट व डरा धमकाकर मोटरसाइकिल छीनने का मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें कार्यवाही करते हुए वांछित आरोपी हेतराम गुर्जर पुत्र महाराज सिंह निवासी जगनत्था थाना सूरोठ को गिरफतार किया गया है हेतराम गुर्जर से अन्य साथियों के बारे में पूछताछ जारी है।

# चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम संपन्न




**बाड़ी।** जिले में आर. सी. एस. सी. ई., इनाया फाउंडेशन एवं आर एच आई मग्नेसिटा द्वारा 'समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो' कार्यक्रम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक सरमथुरा विद्यालय में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में इनाया फाउंडेशन के टीम मेंबर रोहित शर्मा और योगेन्द्र कुमार, अर्पण भट्ट, वर्षा ने गुड टच- बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पोस्को एक्ट 2012 और बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। इनाया फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी कार्यक्रम 'गुड-टच बैड- टच, जीटी बीटी, समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो' के माध्यम से बच्चों को सही व गलत स्पर्श के बारे में समझाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रमेश चंद मीणा गरजनी तिवारी, श्वेता दीक्षित सहित विधालय स्टाफ के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# पोषण पखवाड़े में महिला संगोष्ठी का आयोजन

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को धौलपुर शहर के आंगनबाड़ी केंद्र जिरौली पर महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

इस सम्बंध में सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि जिले में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के साथ स्वीप की गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र जिरोली में आयोजित संगोष्ठी में महिला पर्यवेक्षक प्रभा झा द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होंने



उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार और मौसमी फल, हरे पत्तेदार सब्जियों का उपयोग करने से एनीमिया पर नियंत्रण व सामुदायिक उत्सव के बारे में जानकारी दी तथा सभी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एप्स की जानकारी देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही उनसे अपने परिवेश के सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित करने की अपील की।

कार्यक्रम में पोषाहार से विविध प्रकार के व्यंजन बनाकर रेसिपी प्रदर्शन किया गया एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा तीन वर्ष के बच्चों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम करवाया गया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता बंसल, मंजू रजक, मीनू चौधरी, सर्वेश आदि उपस्थित रहीं।

# शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

## मावा मंडी से लिए घी, पनीर, मावा के नमूने

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है।इसी के अन्तर्गत त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सीएमएचओ जयंती लाल मीणा के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए सागरपाड़ा पर दूध टैंकर से दूध के नमूने लिए। इसके पश्चात मावामंडी धौलपुर पर बद्रीप्रसाद दिनेशचंद मावा भंडार से मावे का नमूना, मुकेश मावा भंडार से पनीर, मावा, घी, बर्फी, सोहन पपड़ी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोग शाला भिजवाया गया है।




उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थों व मिलावट के प्रति जागरूक करने के तथा आमजन को स्वस्थ एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ एवं श्री अन्न यानि कि मोटा अनाज मिलेट की उपयोगिता हेतु जागरूक कर खाद्य कारोबारियों को स्वच्छ व स्वस्थ्य खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इसके लिए दुग्ध उत्पाद व्यापारियों की तथा होटल व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को फॉस्टेक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एफएसएसएआई की टीम द्वारा उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य उपलब्ध करवाने हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। फूड हैंडलिंग तथा फूड को खराब करने वाले केमिकल हजार्ड, फिजिकल हजार्ड और बायोलॉजिकल हजार्ड के बारे में बताया गया किस तरह उसके टेंपरेचर को मेंटेन करना है। प्रशिक्षण में बताया गया की पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखते हुए खाद्य पदार्थ का उत्पादन किया जाना है जिसमें नाखून कटे होने चाहिए बालों पर कैप लगी होनी चाहिए एप्रिन पहना हुआ होना चाहिए। इसके साथ ही अन्य स्वच्छता संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

# संभागीय आयुक्त ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपऊ का निरीक्षण

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपऊ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बात करते हुए स्वास्थ्य केंद्र पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सक को स्वास्थ्य केंद्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिये।

स्वास्थ्य केन्द्र में वॉश बेसिन पर साबुन उपलब्ध नहीं पाया गया वहीं वार्ड रूम में वाशरूम चालू हालत में नहीं पाया गया एवं एक वाशरुम पर ताला लगा मिला। गैलरी में बैड लगे



हुए थे जिनको हटाने के निर्देश दिये गये। प्रसूताओं को लाने के लिये 104 वाहन का क्रियाशील न होना पाया गया। स्वास्थ्य केंद्र पर 108 एम्बुलेंस खराब स्थित में पाई गई। वेस एम्बुलेन्स का उचित उपयोग होना नहीं पाया गया। निरीक्षण के वक्त पाया गया कि ऑक्सीजन प्लांट की समयानुसार मरम्मत नहीं कराई गई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर सभी कमियों को दूर कर स्वास्थ्य सेवाओं में हर संभव सुधार के निर्देश दिए।

# सीओ सिटी सुरेश सांखला का स्वागत कर दी विदाई



**धौलपुर।** सीओ सिटी सुरेश सांखला का आर ए सी धौलपुर में सहायक कमांडेड के पद पर तबादला होने पर कार्यालय के स्टाफ ने भव्य स्वागत के साथ विदा किया। इस मौके पर समता सैनिक दल के पदाधिकारियों ने भी सीओ कार्यालय पहुंचकर के सीओ सुरेश सांखला का स्वागत कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव बी के कंचन बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष भीकाराम बौद्ध, जिला प्रवक्ता रूप सिंह बौद्ध, कर्मठ कार्यकर्ता पुरुषोत्तम, हेमंत माथुर आदि उपस्थित रहे।

# केवट महाकुंभ की तैयारी को लेकर केवट रथ यात्रा राजाखेड़ा, धौलपुर जिले के दौरे पर पहुंची



**राजाखेड़ा ● खबरों की दुनिया**

ग्लोबल कहार समाज चेरिटेबल ट्रस्ट राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार ने बताया कि केवटवंशिय मेहरा कीर कहार कश्यप भोई बाथम धींवर मल्लाह मछुआ निषाद उपजातिय समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं केवट समाज का महाकुंभ 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को सिलोर गांव, जिला बूंदी में आयोजित की जा रही है। केवट कल्याण बोर्ड का गठन करवाने की मांग को लेकर राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर के नेतृत्व में केवट रथ यात्रा निकाली जा रही जिसका शुभारंभ 14 फरवरी को रावतभाटा से किया गया था जो कि रावतभाटा से चित्तौड़गढ़, उदयपुर, गोगुंदा व मध्यप्रदेश के समीपवर्ती गांवों, अजमेर, गांव गांव ढाणी ढाणी होते हुये किशनगंढ ,कुचामन सिटी, फुलेरा होते हुए सवाईमाधोपुर, शिवाड़ से दौसा जिले के लालसोट, भरतपुर से डिंगर होते हुये राजाखेड़ा कस्बे में पहुंची है। प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर कहार व उनकी टीम का डिंगर व राजाखेड़ा पहुंचने पर जोर-शोर से स्वागत किया।

# भार वाहनों का वार्षिक अग्रिम कर जमा कराने की अन्तिम तिथि आज

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य मे पंजीकृत एक वर्षीय कर देयता वाले भार वाहनों के कर जमा कराने की अन्तिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने बताया कि जिले मे कर जमा कराये जाने योग्य भार वाहनों की पंजीकृत संख्या लगभग 13000 है, जिनसे लगभग 3560 लाख रूपये की राजस्व प्राप्त होने की संभावना है जबकि कार्यालय रिकार्ड के अनुसार आदिनांक तक मात्र 5140 वाहनों से 1566 लाख रू. राजस्व ही प्राप्त हुआ है। समस्त ऐसे वाहन स्वामियों से अपील की जाती है कि वह अपने भार वाहनों का कर 15 मार्च से पूर्व ही ऑनलाईन/कार्यालय के काउंटर पर जमा करा देवें। काउन्टर पर 5000/- रू. से अधिक की राशि भी जमा कराई जा सकेगी। 15 मार्च के पश्चात् प्रवर्तन कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी जिसके उपरांत वाहन स्वामियों को 1.5 प्रतिशत ब्याज के अतिरिक्त नियमानुसार 10500 रुपये सी.एफ. अलग से देनी होगी साथ ही कार्यालय के अधिकारियों द्वारा बिना टैक्स चुकाये संचालित वाहनों के विरूद्ध चालान बनाकर उनको सीज किया जाएगा साथ ही उनके परमिट/आर.सी. निलंबन की कार्यवाही की जावेगी।

जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि वाहन स्वामियों से अपील है कि वो 15 मार्च 2024 से पूर्व अपने वाहनों को सीज की कार्यवाही/परमिट एवं आर.सी. निलम्बन की कार्यवाही एवं लगने वाली पेनल्टी व 10500 रुपये सी.एफ. से बचने के लिए अपने वाहनों का कर आज ही जमा करावे अन्यथा होने वाली कार्यवाही के लिए वाहन स्वामी स्वयं जिम्मेदार रहोगे।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बाड़ी में किया गया फ्लैग मार्च

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण मे सम्पन्न कराये जाने हेतु गुरुवार को वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी रवि प्रकाश शर्मा आरपीएस के निर्देशन मे शिवलहरी पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना बाडी मय थाना जाप्ता, पुलिस थाना सदर जाप्ता एवं आरएसी छठी बटालियन जी कम्पनी के किला, घन्टाघर, सर्कारा बाजार, लुहार बाजार, इस्लामिया स्कूल तिराहा, रामू तिराहा, हॉस्पिटल तिराहा, बसेडी रोड, नेताजी की कोठी, अम्बेडकर तिराहा महाराज बाग, गुर्जर पाडा, सन्तरास पाडा, पचोरी पाडा, किला बाडी मे फ्लैग मार्च किया गया।

# अग्रवाल समाज की दो दिवसीय अयोध्या एवं प्रयागराज यात्रा आज

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिला अग्रवाल महासमिति के संरक्षण में जिला अग्रवाल युवा महासंघ धौलपुर द्वारा दो दिवसीय अयोध्या, प्रयागराज यात्रा आज रात्रि प्रस्थान करेगी यात्रा संयोजक एवम् युवा ज़िला अध्यक्ष डॉ प्रखर मंगल ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा में धौलपुर ज़िले के अग्रवाल समाज की सभी इकाइयों से 100 अग्रबंधु 2 एसी बसों से भगवान राम की नगरी अयोध्या एवम् त्रिवेणी संगम प्रयागराज दर्शन एवम् भ्रमण लिए के लिए बाड़ी से रात्रि 7.00 बजे मथुरा पैलेस एवम् धौलपुर से रात्रि 8.30 बजे अग्रसेन सेवा सदन स्टेशन रोड से प्रस्थान करेंगी।

यात्रा को प्रारंभ करने व बसों को हरी झंडी दिखाने अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, प्रदेश महिला अध्यक्ष कमलेश गर्ग, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, ज़िला महासमिति के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश अग्रोहा, महिला ज़िला अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, ज़िला अग्रवाल महासमिति के ज़िला अध्यक्ष ऋषि मित्तल, महामंत्री राजेश गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु मित्तल,बाड़ी ईकाई अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, महामंत्री हरिशंकर मंगल , धौलपुर इकाई अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल एवम् अन्य वरिष्ठ अग्रबंधु उपस्थित रहेंगे।

# निःशुल्क मेनोपॉजल हेल्थ कैंप 15 को

**धौलपुर।** शहर के डॉ. चित्रा बंसल नर्सिंग होम में 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए मेनोपॉजल हेल्थ कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। जानकारी देते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चित्रा बंसल ने बताया कि मेनोपॉज अर्थात राजोनिवृति से जुड़ी समस्यायों में हड्डियों और मांस पेशियों का कमजोर होना एक आम समस्या है, जिसकी वजह से घुटने, कंधे और कूल्हों में दर्द होना देखा जाता है, जानकारी के अभाव में महिलाएं दर्द को गोलियां या तेल आदि का इस्तेमाल करने लगती हैं जो बीमारी को बढ़ावा भी देता है और सेहत के लिए नुकसानदायक भी होता है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस कैंप में बीएमडी अर्थात हड्डियों के घनत्व की जांच, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांचें निःशुल्क की जाएगी। कैंप में आगरा से वरिष्ठ गाइनेकोलॉजिस्ट भी अपनी सेवाएं देंगी।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित जवाहर नगर ग्राम पंचायत : पंचायतवासियों ने किया लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** चितौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा के रावतभाटा तहसील की दूरस्थ ग्राम पंचायत जवाहर नगर वासियों ने आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया।

पंचायतवासियो का कहना है की ग्रामपंचायत को बसे 60 साल होने के करीब है। ग्रामीणों के लिए आने जाने का रास्ता नही है। गांधी सागर से जवाहर नगर के बीच का रास्ता कच्चा है तथा वन विभाग क्षेत्र के अंतर्गत होने से वन विभाग ने रास्ता बन कर दिया।दूरस्थ ग्रामपंचायत के लिए जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय से संपर्क का कोई व्यवस्थित माध्यम नही है।परिवहन के लिए बस व्यवस्था नही होने से आधुनिकता के समय में ग्राम पंचायत मूलभूत सुविधाओं से पिछड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है की ना वाहन व्यवस्था है,ना पक्की सड़क बनी हुई है। वन विभाग के प्रतिबंध के बाद क्षेत्र परिवहन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। गंभीर बीमारी हो या प्रसूता महिला का इलाज बड़ी दिक्कत बना हुआ है। इसलिए ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्या का स्थाई समाधान नही होने तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूर्णतः बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

# रावतभाटा आएंगे मोदी और भजनलाल

## –परमाणु बिजलीघर को करेंगे राष्ट्र को समर्पित, शहर को मिलेगी बड़ी परियोजना की सौगात

## –सीपी जोशी ने ली अधिकारियों की बैठक, अवैध वसूली पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल्द रावतभाटा आएंगे और परमाणु बिजलीघर, एनएफसी संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। रावतभाटा को एक बड़ी परियोजना की सौगात मिलने जा रही है जिसकी घोषणा होने वाली है। आने वाली नई परियोजना से रावतभाटा की तस्वीर बदल जाएगी। यह बात सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने गुरुवार को पालिका सभागार में आयोजित उपखण्ड स्तरीय विभागों के अधिकारीयों की बैठक मे कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर के विकास का रोडमेप तैयार करें। राणा प्रताप सागर बांध और चंबल नदी में पर्यटन के लिए सम्भावना तलाशें, प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय निधि से तीन-तीन सड़कों की सौगात मिली है। 2014 के बाद सीएसआर से होने वाले विकास कार्य केंद्र सरकार की देन है, कुंडाल में तीन स्कूल सीएसआर में निर्माण होंगे।

**छाए पट्टे और बायपास के मुद्दे :** बैठक में जनप्रतिनिधियों ने शहर में आवासीय और व्यवासिक पट्टे दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। शहर में शुद्ध पेयजल के लिए पेयजल योजना, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, बिजली और उपजिला अस्पताल में चिकित्सकों के रिक्त पद भरे जाने की मांग की गई। जोशी ने कहा कि पट्टों की समस्या को हल करने के लिए स्वायत्त शासन मंत्री हरलाल सिंह खर्रा को रावतभाटा लाएंगे और उन्हें पूरी समस्या बताकर समाधान करेंगे। उन्होंने अधिकारीयों को फिल्ड में जाकर कार्य कर आमजन की समस्या का समाधान के निर्देश दिए।



**पैसा मांगे तो उठा लाओ ठेकेदार को :** राजस्थान परमाणु बिजलीघर में ठेकेदारों द्वारा ठेका श्रमिकों के शोषण और काम के बदले अवैध वसूली मामले में पुलिस उपाधीक्षक को एफआईआर दर्ज करने, ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। दो दिन पूर्व विद्युत अनुरक्षण ठेकेदार द्वारा 15 श्रमिकों को काम से निकाले जाने पर उन्होंने आरएपीपी प्रबंधन से बात कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। उन्होंने डिप्टी एसपी को निर्देशित किया कि शिकायत मिलते ही ठेकेदार को उठा लाओ, मजदूरों से जो स्टाम्प लिए उनकी जांच कर मुकदमा दर्ज करो यह लूट बर्दाश्त नही की जाएगी। जोशी को मजदूरों ने ज्ञापन दिया और अपनी व्यथा सुनाई।

**यह रहे मौजूद :** बैठक में अतिरिक्त कलक्टर विनोद मल्होत्रा, उप जिला कलक्टर महेश गागोरिया, पालिका अध्यक्ष मधुकंवर हाड़ा, कमलेन्द्र सिंह हाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक प्रभुलाल कुमावत, पालिका ईओ, जलसंसाधन, जलदाय, शिक्षा, चिकित्सा, आयुर्वेद, पंचायती राज विभाग, परमाणु बिजलीघर सीएसआर विभाग के अधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।

## इल्म को मिली स्कूटी



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** कालीबाई मेघावी छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा को गुरुवार को स्कूटी दी गई। स्कूटी मिलते ही छात्रा और उसके परिवार ने हर्ष जताया। जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा में इल्म अख्तर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूटी प्राप्त की। इस अवसर पर परिजन मौजूद रहे।

## बालिका छात्रवास की बेटियों ने किया नाम रोशन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** कमजोर वर्ग की बेटी काली मीणा एवं निकिता मीणा राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रवास में रखकर अपनी लग्न महेनत से कक्षा 12 में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर अपने माता पिता विद्यालय एवं बालिका छात्रावास का नाम रोशन किया। दोनों बेटियों को राजस्थान सरकार की और कालीबाई योजना के अन्तर्गत स्कूटी प्रदान की गयी छात्रावास प्रमुख उषा त्यागी एवं सुनीता अग्निहोत्री ने राजस्थान सरकार का आभार प्रकट किया दोनों बेटियो को सेवा भारती की और से मुँह मीठा कराकर ओप्रना पहनाकर समानित किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के जिलाध्यक्ष मंनोज मलिक ने शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि सभी बहिने काली एवं निकिता से प्ररेणा लेकर सभी सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर जीवन मे सफल हो इस अवसर पर सेवा भारती के तहसील उपाध्यक्ष सुरेशचन्द्र गोड़ एवं जितेंद् सिंह राजावत ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर छात्रावास प्रमुख उषा त्यागी सपना मीणा लक्ष्मी मीणा एवं छात्रावास की सभी बहिने उपस्थित रही।

## भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं विख्यात समाजसेवी अरविंद जायसवाल की पूर्व कुलपति प्रो.अमेरिका सिंह से शिष्टाचार भेंटवार्ता

### –कौशल सिर्फ एक युवा को ही नहीं, बल्कि उसके साथ समाज और राष्ट्र को भी आगे बढ़ाता है : अरविंद जयसवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष,गोरखपुर

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र उत्तर प्रदेश एवं विख्यात समाजसेवी अरविंद जायसवाल ने वरिष्ठ शिक्षाविद एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह से शिष्टाचार भेंटवार्ता की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने जयसवाल को राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक निमित्त मात्र हुं की प्रति उपहार स्वरूप भेंट की। उन्होंने निमित्त मात्र हुं को युवाओं के लिए प्रेरणा पुंज बताया। इस अवसर पर दोनो के मध्य युवाओं के कौशल विकास एवं सशक्तिकरण, कौशल शिक्षा,



स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और युवा उत्थान से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई एवं युवाओं हेतु विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों पर सहमति भी व्यक्त की गई।

पूर्व कुलपति प्रो अमेरिका सिंह ने कहा की कौशल विकास युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें उद्यमशीलता बढ़ाने, रोजगार की अधिक संभावनाएं और आर्थिक प्रगति की कुंजी है। कौशल विकास में निवेश करके हम अपने युवाओं और देश को बेहतर भविष्य दे सकते हैं। युवा शक्ति को कुशल व हुनरमन्द बनाने से ही देश का विकास संभव है। किसी भी देश व व्यक्ति के विकास में कला, कौशल व हुनर का महत्वपूर्ण स्थान है। मानव संसाधनों के उपयोग से कौशलता में और निखार लाकर सतत विकास की प्रक्रिया को गतिमान बनाया जा सकता है। कहा जाता है कि हुनर कुशल कार्यबल एक धरोहर है। इसी उद्देश्य से विश्व युवा कौशल पर हमारी जनकल्याणकारी सरकार द्वारा ध्यान केंद्रित किया गया है। देश में बढ़ती युवा शक्ति के लिए नीति निर्माता चुनौतियों और अवसरों का लाभ उठा रहे है। युवाओं को रोजगार योग्य और उद्यमशीलता कौशल से लैस करने के सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए हैं ताकि वे बदलती दुनिया का सामना कर सकें। अरविंद जायसवाल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र ने कहा की किसी भी देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में कौशल का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। कौशल एक ऐसा साधना है, जिसके द्वारा युवाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उद्योगों की मांग के अनुसार कुशल कार्यबल तैयार करके स्किल गैप को आसानी से भरा जा सकता है।

## डोल बर्थडे और शेयरिंग केयरिंग डे का आयोजन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3 में उप-प्राचार्य एवं प्रभारी सन्देश कुमार राय और प्रधानाध्यापक महेश सिंह चौधरी के मार्गदर्शन में बालवाटिका एक, दो और तीन के नन्हें बच्चों के डोल बर्थडे और शेयरिंग केयरिंग डे का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने गुड़िया का जन्म दिवस मनाया और उपहारों का आदान प्रदान किया। हर वर्ष की भांति विद्यार्थियों में एक दूसरे के प्रति सहानुभूति, सहायोग, दयालुता, आपसी सामंजस्य जैसे गुणों के विकाश के उद्देश्य को ध्यान में रखकर गतिविधि का आयोजन किया।

विद्यालय के उप-प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुल 65 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इन सभी गतिविधियों का समन्वय बालवाटिका प्रभारी अर्चना नायर और अनोरा खेस द्वारा किया गया।कार्यक्रम में तकनीकी सहायक के रूप में चित्रांग ज्वाला और आशीष कुमार ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# लठावन प्रेस क्लब डीग का होली मिलन समारोह आयोजित

## –पत्रकारों के अधिस्वीकरण एवं अन्य सुविधाओं में दी जाएगी शिथिलता : गृहराज्यमंत्री

## –डीग कुम्हेर विधायक ने प्रेसक्लब भवन निर्माण के लिए की 5 लाख की घोषणा

खबरों की दुनिया

**भरतपुर।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। हमारी संस्कृति एवं परम्पराओं को संजोय रखकर प्रत्येक संस्था का विकास सरकार की प्राथमिकता में है। प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, इन्हें मूलभूत सुविधाएं देने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे।

गृह राज्य मंत्री गुरूवार को श्री लठावन प्रेस क्लब डीग द्वारा कामां रोड स्थित धर्मशाला में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज एवं स्थानीय संत कौशल किशोर महाराज रहे। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के चार स्तम्भ माने गये हैं इनमें मीडिया प्रमुख स्तम्भ है। मीडिया जगत में कार्य करने वाले पत्रकार साथियों की लेखनी स्वतंत्र रूप से तथा निर्भीक होकर कार्य करेगी तो निश्चित रूप से समाज को दिशा एवं प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के समय से ही प्रेस एवं पत्रकारों की भूमिका देश की उन्नति एवं नयी दिशा प्रदान करने में रही है। वर्तमान में प्रिन्ट, इलैक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के युग में देश-विदेश की खबरें पल भर में नागरिकों तक पहुंचाने में मीडियाकर्मियों की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था से ही मैं मीडिया के सम्पर्क में रहा हूं, हमेशा भरतपुर एवं डीग के पत्रकारों ने जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए आमजन को



संबल प्रदान किया है। गृहराज्य मंत्री ने कहा कि सरकार हमारी परम्पराओं एवं संस्कृति को अक्षुण्य रखते हुए विकास की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। ईआरसीपी के एमओयू होने से भरतपुर एवं डीग जिले के जल स्त्रोतों में पानी आयेगा तथा किसानों को सिंचाई एवं आमजन को पेयजल के लिए शुद्ध पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचनाओं के विकास में सरकार तेजी से निर्णय ले रही है साथ ही भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त एवं विकसित राजस्थान के लिए आमजन की सोच को साकार कर रही है। उन्होंने डीग व भरतपुर जिले के पत्रकारों के लिए अधिस्वीकरण नियमों में शिथिलता व अन्य सुविधाओं के लिए राज्य सरकार के स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मीडिया शासन-प्रशासन को आईना दिखाने का कार्य करता है। मीडिया के माध्यम से दूर दराज के क्षेत्रों की जनसमस्या भी सरकार तक पहुंचती हैं जिसके कारण ही समय पर निराकरण हो पाता है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु लिए गए निर्णयों की चर्चा करते हुए कहा कि मीडियाकर्मियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी। उन्होंने डीग प्रेस क्लब के लिए भवन निर्माण हेतु विधायक कोष से 5 लाख रूपये देने की घोषणा की।जिला कलक्टर डीग श्रुति भारद्वाज ने कहा कि मीडिया शासन-प्रशासन एवं जनता के बीच कड़ी का कार्य करती है। प्रशासन द्वारा मीडिया में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेकन शीघ्र समस्याओं का निराकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने डीग जिले में आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन द्वारा की जा रही पहल में मीडिया के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज सी ओ आशीष प्रजापत सतवीर कसाना माखन बिश्नोई शेर मंडल अध्यक्ष अनिल वकील भाजपा नेता राजेंद्र खंडेलवाल पूर्व पार्षद रघुवीर सिंह गुर्जर मौजूद रहे।

स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा मयूर नृत्य, फूलों की होली एवं राधा कृष्ण रास के माध्यम से भव्य सांस्कृति प्रस्तुति देते हुए समारोह में फाग उत्सव का अहसास कराया। भरतपुर एवं डीग जिले के विभिन्न अंचलों से आए पत्रकारों ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को बधाई दी।

### राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिक महोत्सव थार-2024 का होगा आयोजन

# प्रतिभाओ के कौशल विकास और प्रौद्योगिकी का राष्ट्रीय महोत्सव है थार : कुलपति प्रो.एस.के सिंह

खबरों की दुनिया

**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा बेहतर शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की टेक्निकल और मैनेजमेंट स्किल्स को डवलप करने, तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने और उचित मंच देने के उद्देश्य से 15 से 17 मार्च तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय तकनीकी महोत्सव थार-2024 का आयोजन करने जा रहा है। जनसम्पर्क अधिकारी एस. डी. पुरोहित ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया की प्रदेश की तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों जीवन कौशल को निखारने हेतु आरटीयू की यह राष्ट्रीय पहल है जिसमें 70 से अधिक प्रतियोगिताए,वर्कशॉप, एक्पर्ट सेमीनार, एक्पर्ट लेक्चर, पैनल और ग्रुप डिस्कशन सहित होंगे असंख्य आयोजन होंगे। तकनीकी शिक्षा के इस महाकुंभ में आईआईटी, एमएनआईटी और संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के हजारो विद्यार्थी जुटेंगे। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सह-शैक्षणिक गतिविधियों का विशेष महत्व हैं। यह आयोजन निश्चय ही यह आयोजन तकनीकी शिक्षा के हितधारक युवाओं के तकनीकी कौशल, ज्ञान-विज्ञान और प्रतिभाओ को विकसित करने का समुचित अवसर प्रदान करते हुए उन्नत भारत के स्वपन को साकार करेगा, हमारे युवा विद्यार्थी देश का भविष्य है थार महोत्सव विद्यार्थियों और स्टार्टअप्स को विश्वस्तरीय मंच प्रदान करेगा। थार-2024 वार्षिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का राष्ट्रीय महोत्सव है जो देश के छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्रदान करता हैं। यह एक ऐसा मंच है जहां भविष्य के टेक्नोक्रेट्स को अपने अभिनव विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा साथ ही इस प्लेटफोर्म पर प्रौद्योगिकी, नवाचार और ज्ञान-विज्ञान की प्रतिभाओ को सामान




अवसर भी प्राप्त होंगे। इस आयोजन के लिए विशेष रूप से वेबसाईट भी निर्मित की गयी गई है। डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर प्रो दिनेश बिड़ला एवं डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रो. ए. के. द्विवेदी के निर्देशन में आयोजित किए जाने वाले इस टेक्नो फेस्ट हेतु डॉ डीके सम्बरिया को संयोजक नियुक्त किया गया है। इस आयोजन में आईआईटी, एमएनआईटी और ट्रिपल आईटी के साथ साथ विवि से संबद्ध सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित देश भर के विभिन्न उच्च एवं तकनिकी शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थी भाग लेंगे और अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

**जानिए तकनीकी महोत्सव थार-2024 के बारे में :** ज्ञातव्य है की छात्रों की अनुसंधान, अन्वेषण क्षमताओं को विकसित करने और राष्ट्रीय स्तर पर मंच मुहैया कराने के लिए आरटीयू द्वारा वर्ष 2015 से टेक्नो सोशल फेस्ट थार का आयोजन कर रहा है।थार राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा का राष्ट्रीय स्तर का टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्टिवल है, जिसमें हर वर्ष देश भर से विद्यार्थी अपने हुनर और प्रतिभा का प्रदर्शन करने आते हैं। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में थार 2024 टेक्निकल फेस्ट के दौरान देश भर के हजारों नव अनवेषक जुटेंगे। कोटा में इतने बड़े स्तर पर तकनीकी के युवा महारथियों की एक साथ मौजूदगी देखने को मिलेगी। इसके लिए देश भर में थार की गतिविधियों के लाइव अपडेट देखने के लिए थार पोर्टल भी तैयार किया गया है। इस टेक्निकल फेस्ट की बड़ी खासियत यह है कि पूरा आयोजन छात्र खुद करेंगे। इस दौरान आयोजन समिति का गठन भी किया गया हैं। राजस्थान के विभिन्न कॉलेजों के सभी इंजीनियरिंग छात्रों को एक आम बैनर के तहत लाने के लिए विश्विद्यालय की अभिनव पहल है जो राजस्थान के युवा और महत्वाकांक्षी इंजीनियरों को अपने इंजीनियरिंग कौशल, रचनात्मकता और प्रतिभा को एक बड़े स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। इस आयोजन के पीछे एक ऐसी परिकल्पना है जहां विद्यार्थियों के तर्कसंगत स्वभाव, वैज्ञानिकता, ज्ञान-विज्ञान, हस्त कौशल, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन शैली को विकसित किया जा सका है। यह उत्सव चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताओं, वैज्ञानिक प्रदर्शनों और प्रेरक व्याख्यान के साथ-साथ गैर-तकनीकी कार्यक्रमों की एक विस्तृत तकनिकी एवं सांस्कृतिक उत्सवों की आयोजन श्रृंखला है। टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट 'थार-2024' में यूनिवर्सिटी से जुड़े कॉलेजों के अलावा अन्य यूनिवर्सिटीज और प्रदेश के बाहर के कॉलेज भी पार्टिसिपेट कर सकेंगे। थार में इस बार इंजीनियरिंग के साथ मैनेजमेंट स्किल्स भी शोकेस करने का मौका मिलेगा। इस साल 70 से अधिक इवेंट आयोजित होंगे।

## सुमरन सिंह झालाटाला भाजपा किसान मोर्चा के भरतपुर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरपंच गौरव सिंह ने झालाटाला निवासी सुमरन सिंह को भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त करते हुए पूरे निष्ठा एवं कर्तव्यता के साथ पार्टी की रीती नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने एवं आमजन के हित में कार्य करने की बात कही।

पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बोराज के नेतृत्व में घर पहुंचकर उन्हें बधाई देते हुए साफा पहनाकर कर स्वागत किया

इस मौके पर बृजेश मीणा, बबलेश गुर्जर, निकेश गुर्जर, जगत सिंह गुर्जर इत्यादि लोग मौजूद रहे।

खबरों की दुनिया
एक नजर
जनसुनवाई



## अधिकारी जन समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण : मुख्यमंत्री शर्मा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुड गवर्नेन्स का बेहतरीन मॉडल स्थापित करने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है।

शासन और प्रशासन के अधिकारी जन समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## 16वीं राजस्थान विधानसभा की पत्रकार मंत्रणा समिति का गठन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 16वीं राजस्थान विधानसभा के लिए पत्रकार मंत्रणा समिति का गठन किया है। देवनानी ने पत्रकार मंत्रणा समिति में सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों का मनोनयन किया है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि पत्रकार मंत्रणा समिति में अरविंद शक्तावत, हर्ष खटाना, रोहित कुमार सोनी, शशि मोहन शर्मा, शोएब खान और संदीप दहिया को सदस्य मनोनीत किया है। आयुक्त सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, समाचार प्रमुख दूरदर्शन केंद्र और समाचार प्रमुख आकाशवाणी केंद्र समिति के पदेन सदस्य होंगे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि समिति में गुलाब बत्रा, भुवनेश जैन, मुकेश माथुर, रोहित परिहार, पुरुषोत्तम वैष्णव, एल एल शर्मा, प्रताप राव, सुधीर शर्मा और पंकज सोनी को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यह समिति, समाचार पत्र प्रतिनिधियों के संबंध में राजस्थान विधानसभा में पत्रकार दीर्घा में स्थान दिए जाने, उनके बैठने और पत्रकारों से संबंधित अन्य विषयों के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष को सलाह देगी।

## राजस्थान फार्मेसी कौंसिल में रजिस्ट्रार नियुक्त

**जयपुर।** राज्य सरकार ने आदेश जारी कर सहायक औषधि नियंत्रक नरेन्द्र कुमार रैगर को राजस्थान फार्मेसी कौंसिल के रजिस्ट्रार पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि फार्मा पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्ति होने से फार्मा पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन का कार्य अब सुचारू रूप से हो सकेगा। साथ ही, रजिस्ट्रेशन के लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निस्तारण होगा।

## जल संसाधन मंत्री आज करेंगे जल संसाधन सूचना पोर्टल का लोकार्पण

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शुक्रवार, 15 मार्च को जयपुर स्थित सिंचाई भवन में राज्य जल संसाधन प्रणाली डैशबोर्ड का लोकार्पण करेंगे। यह पोर्टल भारत सरकार की राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना (एन.एच.पी.) के अंतर्गत जल संसाधन एवं भूजल विभाग राजस्थान द्वारा निर्मित किया गया है। रावत ने बताया कि इस पोर्टल का उद्देश्य देश-प्रदेश के जल संसाधनों का सतत व बेहतर प्रबंधन करना है। जल संसाधन सूचना पोर्टल द्वारा जल संसाधन सम्बंधित आंकड़ों को पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसकी सहायता से कृषकों को पानी की उपलब्धता की सही जानकारी समय पर मिल पायेगी जिससे वे सही समय पर उचित निर्णय ले पायेंगे।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि उक्त प्रणाली से विभिन्न बांधो, भूजल, तापमान, वर्षा, जल भराव आदि का रियल टाइम डेटा उपलब्ध होगा एवं पुराने रिकॉर्ड भी कुछ समय बाद पोर्टल पर उपलब्ध होंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवासी की जानी कुशलक्षेम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती प्रदेश के पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटा राम देवासी की कुशलक्षेम पूछी। शर्मा ने चिकित्सकों से देवासी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की

# सचिवालय उद्यान में रौनक बिखेर रही फुलवारी







### रोज शो-2024 में भी जीता उत्कृष्ट श्रेणी की फुलवारी का पुरस्कार

### सचिवालय परिसर को चार चांद लगा रहे हैं 10 प्रजातियों के गुलाब

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** रंग-बिरंगे पुष्प किसी भी परिसर की सुन्दरता में चार चाँद लगा देते हैं और उनकी भीनी महक किसी भी व्यक्ति के मन को आनंद से प्रफ्फुलित कर सकती है। इन दिनों शासन सचिवालय का उद्यान हर साल की तरह विविध रंगों के पुष्पों से महक रहा है। पिटुनिया, साल्विया, डहेलिया, पैन्जी, डायन्थस, फलोक्सम, बरबीना, केलेन्डूला, मेरीगोल्ड, बिगोनिया, लार्कस्पर, क्राईसेंथिमम, बोगनबीलिया, आइसप्लान्ट, पनसेटिया जैसी किस्मों के विविध रंगों से लबरेज 40 तरह की फुलवारियां यहां रंग बिखेर रही हैं। यहां गुलाब की दस से भी ज्यादा किस्में हैं, जिनके सुरभित फूलों की रंगबिरंगी छटा भी देखते ही बनती है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक(उद्यान) सुरेश नारायण शर्मा ने बताया कि इन दिनों 40 से अधिक फुलवारियां एवं 10 किस्मों के गुलाब शासन सचिवालय उद्यान को सुशोभित किये हुए है और आगंतुकों को आकर्षित व आनंदित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान रोज सोसाइटी द्वारा हाल ही में आयोजित रोज शो-2024 में भी शासन सचिवालय उद्यान को उत्कृष्ट श्रेणी की फुलवारी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम की फुलवारी की तैयारियां भी आरंभ हो चुकी हैं। फूलों से गुलजार इन फुलवारियों का रख-रखाव कार्मिक विभाग के निर्देशों पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की उद्यान शाखा द्वारा करवाया जा रहा है।

### रवीन्द्र रंगमंच का होगा आधुनिकीकरण

# कला-सांस्कृतिक आयोजनों से विरासत को करेंगे पुनर्जीवित : दिया कुमारी

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि रवींद्र रंगमंच हमारी विरासत का अभिन्न हिस्सा है। आधुनिकीकरण करने के साथ ही कला और संस्कृति के बड़े आयोजन कर रवीन्द्र रंगमंच की शानदार विरासत को पुनर्जीवित किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जयपुर के रामनिवास बाग स्थित रवींद्र मंच पर चल रहे रंग-उत्सव में उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि रविन्द्र मंच की एक शानदार विरासत रही है। किन्तु अब यहां वो रौनक नजर नहीं आती जो पहले कभी हुआ करती थी। ऐसे में यहां ढांचागत व्यवस्थाओं का नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। जिससे यहां भव्य रूप में कला संस्कृति केआयोजन हो तथा रंगमंच की शानदार विरासत पुनर्जीवित हो सके। यहां पर लोकल कलाकारों को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे विभिन्न् कलाओं के लिए नियमित रूप से मंच प्राप्त हो सकेगा। इसके लिए रंगमंच का आधुनिकीकरण किया जाएगा। अगली बार यहां रंग-उत्सव जैसे बड़े स्तर पर आयोजन किए जाने का क्रम निरन्तर जारी रखने के प्रयास किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा रवीन्द्र रंगमंच पर 13 मार्च से 16 मार्च तक चल रहे इस रंग-उत्सव में गुरूवार को सहभागिता करने की पहल ने कलाकारों एवं कला प्रेमियों में प्रसन्नता और उत्साह का संचार किया।

दिया कुमारी ने रंग-उत्सव में दीप प्रज्वलित कर, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ् किया। कलाकारों ने इस अवसर पर कलात्मक प्रस्तुति दी। जिसमें गणेश वंदना के साथ नवोदित कलाकारों द्वारा किए गए कत्थक नृत्य की मोहक प्रस्तुति की गई।

रंग–उत्सव में जयपुर के कई सिद्धहस्त कलाकारों ने मधुर स्वर लहरियों से वातावरण को गुंजायमन कर दिया। रंग बिरंगी राजस्थान की पारंपरिक पोशाक पहने नृत्यांगनाओं ने राजस्थानी संस्कृति के रंग बिखरे। गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक कलाकार समूह ने भपंग वादन के साथ लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

### कलात्मक उत्पादों की स्टॉल्स का किया अवलोकन

दिया कुमारी ने इस रंग-उत्सव में लगी स्टॉल्स का अवलोकन किया। रंग-उत्सव में पारंपरिक कलाओं के विभिन्न उत्पादों की कलात्मक प्रदर्शनी को सराहा। उन्होंने प्रदर्शनी की विभिन्न स्टॉल्स में कठपुतलियां, हाथी घोड़े के खिलौने, ब्लू पॉटरी का सामान, अन्य कई कलात्मक आकर्षक उत्पाद देखें। चित्रकारी करते हुए चित्रकार, कच्ची मिट्टी से चाक पर मिट्टी के बर्तन कुम्हार, कैलीग्राफी की स्टॉल देखी और कलाकार की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया।

### दिया कुमारी ने देखा बाइस्कोप

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रवीन्द्र मंत्र भवन का अवलनोकन कर



प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ और रविन्द्र मंच की प्रबंधक सोविला माथुर का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने बाइस्कोप देखा तथा अन्य कलाकृतियों को देखकर उनकी प्रशंसा करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

### रंग-उत्सव रवींद्र मंच को विजुअल आर्ट से जोड़ने का प्रयास

रंग उत्सव में पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने रंग उत्सव को जयपुर के इस सांस्कृतिक विरासत केन्द्र रविन्द्र मंच की ओर जयपुर वासियों को फिर से जोड़ने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि रंग उत्सव रविंद्र मंच को विजुअल आर्ट से जोड़ने का प्रयास है।आने वाले समय में यहां पर बड़े सांस्कृतिक आयोजन करने के प्रयास किए जाएंगे। स्थानीय कला और कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाने के प्रयास भी किए जाएंगे। इस अवसर पर आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल भी उपस्थित रही।

### कठपुतलियों ने किया मोहित

विश्व प्रसिद्ध राजस्थानी कठपुतली कलाकार रंग-उत्सव में अपनी जादुई कला के रंग बिखेरते हुए दिखाई दिए। राजस्थानी लोकगीतों पर कठपुतली नृत्य दर्शकों को अपनी और आकर्षित किया। यहां पर छोथमल भाट कठपुतली कलाकार ने युवक,युवतियों को कठपुतली कला सिखाई।

### लोकसभा आम चुनाव- 2024 'आओ बूथ चले अभियान'

## 17 मार्च को राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान : गुप्ता

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग की पहल पर व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मतदाता सूची में अपना नाम खोजने की प्रक्रिया के तहत 17 मार्च को राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित विशेष अभियान आओ बूथ चले अभियान के तहत 6,84,199 मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना नाम खोजा। इनमें से 2,12,742 मतदाताओं ने वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में देखा। अभियान के तहत 1,37,082 मतदाताओं ने वीएचए एप डाउनलोड किया। अभियान के तहत 15,390 पात्र मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया।

गुप्ता ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर राज्य के सभी 51756 मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची में नाम, क्रमांक एवं मतदान केन्द्र आदि के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु 17 मार्च को प्रातः 11.00 बजे से सांयः 6.00 बजे तक विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम खोजने के अभियान के दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारियों सुपरवाईजरों एवं विभिन्न विभागों के बूथ स्तरीय कार्मिक प्रातः 11.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे एवं मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम, मतदान केन्द्र, ई-इपिक डाउनलोड करने एवं सी-विजिल एप का प्रयोग करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के विशेष अभियान के दौरान मतदाता एप्स यथा- वीएचए, ईसीआई-सक्षम, केवाईसी, सी-विजिल, 1950 आदि विभिन्न मतदाता जागरूकता पोस्टर्स का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता सूची में अपना नाम देखने के बारे में प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। दिव्यांगजन मतदाताओं की पीडब्ल्यूडी फ्लैगिंग कर उन्हें मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं तथा व्हीलचेयर व परिवहन सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जायेगी।

गुप्ता ने बताया कि यदि 18 वर्ष या अधिक आयु के किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से रह गया है तो अभी भी अपना नाम वोटर हेल्पलाइन एप अथवा मतदान केन्द्र पर उपस्थित बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। 1 अप्रेल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी मतदाता पंजीयन हेतु अग्रिम आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदाता उम्मीदवार के नामांकन की वापसी की अन्तिम दिनांक से 10 दिवस पूर्व तक भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाता है तो वह लोकसभा चुनाव-2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगें।



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में पांचजन्य के पूर्व संपादक और देश के प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक और राज्यसभा सांसद रहे तरुण विजय ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मिश्र से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और संवैधानिक जीवन मूल्यों पर संवाद किया।

## संवाद कार्यक्रम

# केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति को पात्रता के अनुसार लाभ मिले : मदन दिलावर



### शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री ने कैलादेवी एवं मदनमोहन जी के किये दर्शन

खबरों की दुनिया



**करौली।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने गुरूवार को करौली पहुंचकर श्री कैला माता के दर्शन किए और देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।उन्होने मामचारी गांव में महिलाओं से जन संवाद करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के लिए अंतिम छोर तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है व लगातार प्रयासरत है। आमजन को पात्रतानुसार योजनाओं के प्रति जागरूक रहते हुए लाभ लेना चाहिए। पंचायतीराज मंत्री ने महिलाओं से कहा कि पेंशन में बढ़ोतरी पर आपको कैसा लगा इस पर महिलाओं ने जवाब दिया कि सरकार ने आते ही वृद्धो की सुन ली जिससे उनको अधिक लाभ मिल सकेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मजदूरी करने वाले लोगों के लिए विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण देकर ऋण देने का प्लान तैयार किया है। इससे अब सभी लोग अपना स्वयं का रोजगार करने में सक्षम होंगे। शिक्षा एवं पचांयतीराज मंत्री ने इससे पूर्व यात्रा के दौरान रास्ते मे चैनपुर वर्रिया गांव मे मार्ग मे खुले मे गंदगी देख कर शीघ्र ही साफ सफाई करवाने के संबंध मे निर्देश दिये। इससे पूर्व मंत्री ने करौली मे मदन मोहन जी के दर्शन कर आमजन की खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर चिकित्सा विभाग ने आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए वित्तीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट (लेखानुदान) में आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसकी अनुपालना में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने गुरूवार को मानदेय में वृद्धि के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। अब आशा सहयोगिनियों को मानदेय 4098 रूपए प्रतिमाह से बढ़कर 4508 रूपए देय होगा। यह वृद्धि एक अप्रेल, 2024 से लागू होगी।

## खबरों की दुनिया
## एक नजर

### गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की अलका भण्डारी जिला प्रभारी मनोनीत



खबरो की दुनिया

**टोंक।** ब्रम्हलीन संत स्वामी रामसुख दास जी महाराज द्वारा 1996 में संस्थापित गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत की टोंक जिला प्रभारी अलका भण्डारी को मनोनीत किया गया है। जानकारी देते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर तिवाड़ी एवं महामंत्री श्याम सुंदर मंत्री ने बताया कि मातृशक्ति द्वारा कई बार अपने गर्भ में बालिका की संभावना को देखते हुए गर्भपात करवा लिया जाता है, जो सनातन संस्क्रति में घोर महापाप की श्रेणी में आता है । इस भ्रूण हत्या के महापाप को रोकने के लिए 3 जून 1996 सर्वगाश्रम गीता भवन ऋषिकेश हरिद्वार में ब्रम्हलीन स्वामी रामसुखदास जी महाराज ने गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति का गठन किया, तब से इस समिति द्वारा पूरे देश में इस विषय पर जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है । इसी क्रम में गुरूवार को टोंक की जिला प्रभारी अलका भण्डारी को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर रामकिशोर तिवाड़ी राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्यामसुंदर मंत्री राष्ट्रीय महामंत्री, इंदरचंद मोदी एवं घनश्याम लाठी प्रदेश उपाध्यक्ष, लीलाधर पटवा प्रदेश महामंत्री एवं समिति के सेवाभावी दीपक मूंदड़ा ने अलका भण्डारी को मनोनयन पत्र भेंट कर शॉल, दुपट्टा पहना कर, पुष्प गुच्छ भेंट कर दायित्व के सफल निर्वहन की मंगल कामना की। मनोनयन के पश्चात समिति की जिला प्रभारी अलका भण्डारी ने मीडिया को बताया कि गर्भस्थ शिशु की हत्या जीव हत्या के समान ही है, जिसे सनातन संस्क्रति में महापाप माना गया है । अक्सर कर देखा गया है कि माँ बहिनों द्वारा लडके की चाह में गर्भस्थ कन्या की हत्या कर दी जाती है, जो बहुत ही घिनोना कार्य है, जबकि हमे पता है कि आज के युग में कन्याओं की संख्या निरंतर कम होती जा रही है, जिससे हमारे युवाओं के विवाह में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जब कि देश के प्रधान मंत्री मोदी जी का कहना है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संस्था इन्ही विषयों पर लगातार 30 वर्षों से जमीनी काम कर रही है। टोंक जिले में भी इस आम जन के विषय के प्रति मातृशक्ति को जागरूक किया जाएगा और शीघ्र ही पूरे जिले में टीम गठित कर गर्भस्थ शिशु संरक्षण के प्रति जागरूकता लायी जाएगी। समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा गुरूवार को पूरे शहर में प्रचार रथ द्वारा रोड़ शो किया गया, साथ ही भ्रूण हत्या को रोकने सम्बंधित प्रचार पत्रों का वितरण किया गया।

### सेदरिया सचिन गुर्जर बने महामंत्री



खबरों की दुनिया

**निवाई।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मनिष भरगड़ व जिलाध्यक्ष भगवान चाड़ मोरभाटिया के निर्देशानुसार निवाई तहसील अध्यक्ष बाबूलाल बस्सी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सेदरिया निवासी सचिन गुर्जर पुत्र श्योलाल गुर्जर को महामंत्री बनाया गया है। सचिन गुर्जर महामंत्री बनने पर समाज व अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दी।

# 'उमंग' के तहत हुई फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता





खबरों की दुनिया

**टोंक।** सैन्ट सोल्जर महिला बी.एस.सी. बी.एड महाविद्यालय में चल रहे सह-शैक्षिक गतिविधि सप्ताह 'उमंग' के तहत विचित्र वेशभूषा, फेन्सी ड्रेस, नाटक, प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। संस्था समन्वयक डॉ. शिव सिंह राजावत ने प्रतियोगिता परिणामों की घोषणा की और बताया कि विचित्र वेशभूषा में प्रेक्षा जैन प्रथम, स्वाति शर्मा व सोना - सुलोचना द्वितीय एवं महक ग्रुप व सोना वर्मा नें तृतीय स्थान पर रही। फेन्सी ड्रेस में अंशिता चौधरी प्रथम अंजली पाल, तनिष्का द्वितीय तथा मुस्कान खंगार व बीजल बामनिया तृतीय स्थान पर रही। नाटक प्रतियोगिता में रॉयल ग्रुप प्रथम, भाग्य श्री ग्रुप द्वितीय तथा एंटिक ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार इस कार्यक्रम के प्रभारी घनश्याम बैरवा व स्वाति शर्मा रहे, तथा निर्णायक मण्डल में डॉ. शिव सिंह राजावत, घनश्याम बैरवा, दिवाकर कुमावत रहे। इन प्रतियोगिताओं का मंच संचालन छात्रा सोनिया चौधरी एवं रानी ने किया। इस कार्यक्रम में व्याख्यातागण नंदनी टाक, स्वाति शर्मा, सुरभि माथुर, महेश शर्मा, जावेद खान, अमित रणवाल, हरिशंकर शर्मा, राजेश कुमार पटवा, संदीप वधावन एवं छात्राएं उपस्थित रही।





देश का भविष्य है मोदीजी: नीतू कंवर

## नटवाडा सरपंच नीतू कंवर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

खबरों की दुनिया

**निवाई।** नटवाडा सरपंच नीतू कंवर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। जिस पर सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया, विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, प्रधान रामअवतार लांगडी ने सरपंच नीतू कंवर व पूण्यप्रताप सिंह राठौड को माला व शॉल पहनाकर सम्मानित किया।




सरपंच नीतू कंवर ने कहा कि प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी देश का भविष्य है। वर्तमान में मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास की और अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है जिससे निश्चित तौर पर महिलाओं को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर उप प्रधान दयाराम जाट, पंचायत समिति सदस्य विष्णु शर्मा, प्रधान निजी सहायक बाबूलाल मंडालिया, सरपंच ओमप्रकाश वर्मा, रमेश यादव, देवालाल गुर्जर, कानाराम जाट, छोटूलाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवराज गुर्जर व सियाराम शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

### तपोभूमि वनखंडी बालाजी की पदयात्रा आज रवाना होगी

**टोंक।** राष्ट्रीय रक्षा संगठन जिला शाखा टोंक के तत्वावधान में तपोभूमि वनखंडी बालाजी फलोदी सवाईमाधोपुर के लिए पदयात्रा 15 मार्च शुक्रवार को बैंडबाजों के साथ रवाना होंगी। संगठन के जिलाध्यक्ष महंत सुरेश दुबे ने बताया कि वनखंडी तपोभूमि बालाजी फलोदी सवाईमाधोपुर जाने वाली पंचम पदयात्रा 15 मार्च शुक्रवार को सुबह 7 बजे श्री गोपाल जी का मंदिर से बैंडबाजों के साथ रवाना होगी, जो घंटाघर होती हुई सुभाष बाजार, पांच बत्ती, नोशे मियां का पुल, बड़ा कुआ, सवाईमाधोपुर रोड़ होती हुई उनियारा, सोप होते हुए 17 मार्च को बनखंडी बालाजी पहुँचेगी। पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।

## शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए निकाला फ्लैग मार्च



खबरों की दुनिया

**निवाई।** पुलिस और एसटीएफ के जवानों ने गुरुवार को शहर में फ्लैग मार्च कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर शहर में फ्लैग मार्च निकला गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और एसटीएफ के जवानों ने काली माता मंदिर, गणगौरी बाजार, खारी कुई, बिलाला मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, पटेल रोड, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल, बड़ी के मंदिर, पुराने कोर्ट के सामने से फ्लैग मार्च निकालते हुए थाने में पहुंचे। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न करने हेतु एवं आगामी त्योहारों को लेकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एसटीएफ और पुलिस के जवानों द्वारा फ्लैग मार्च का आयोजन शहर में किया गया। टीमों द्वारा समय-समय पर शहरी इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला जाता है। इस दौरान थाना अधिकारी हरिराम वर्मा, प्लाटून कमांडर जगदीश सिंह, एसआई घासीलाल, एसटीएफ कंपनी के लाइसेंस अधिकारी डूंगर लाल, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल राधाकिशन यादव, धर्मचंद व सुखराम सहित एसटीएफ के जवान व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मालपुरा में सुनी आमजन की परिवेदनाए

मतदान केंद्रों का निरीक्षण

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालपुरा में सफाई व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश





खबरों की दुनिया

टोंक । लोकसभा चुनाव-2024 को देखते हुए गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने निवाई-पीपलू एवं मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कानून व्यवस्था के तहत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत लावा एवं धोली के बूथ लेवल अधिकारी लावा के मौके पर उपस्थित नहीं रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र निवाई-पीपलू के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोहेला, झिराना एवं बोरखंडीकलां में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उपखंड अधिकारी पीपलू कपिल शर्मा को गर्मी को मौसम को देखते हुए मतदान दिवस पर छाया-पानी, टेंट, विद्युत एवं दिव्यांग वोटर के लिए व्हील चेयर, रैंप समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

### मालपुरा में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में परिवेदनाओं को सुना एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

आमजन की समस्याओं की त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिले में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत दी गई। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मालपुरा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 18 प्रकरण प्राप्त हुए। सुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि आमजन से प्राप्त होने वाली व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई में प्रार्थी प्रभुसिंह ने सड़क मार्ग को मोड़ ठीक कराने, रामदयाल ने रास्ता खुलवाने, घासीलाल प्रजापत ने बीपीएल विशेष योग्यजन में शामिल करने, मुकेश कुमार ने नाली व सड़क निर्माण कराने, सत्यनारायण सोनी ने आवासीय मकान का पट्टा दिलाने एवं घर के बाहर पानी भरने की समस्या से निजात दिलाने, ग्राम इंदोली के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के नल कनेक्शन में लापरवाही बरतने एवं सीसी रोड़ व नाली बनवाने संबंधित प्रार्थना पत्र दिए। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान कर परिवादी को राहत देने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी मालपुरा अमित कुमार चौधरी, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत समेत विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई के बाद जिला कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के अभाव को लेकर जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय प्रभारी डॉ. अनिल मीणा एवं बीसीएमएचओ डॉ. संजीव चौधरी को सफाई व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विभिन्न वार्डों में जाकर रोगियों एवं उनके परिजनों से चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। अस्पताल में बॉयोमेडिकल कचरे को निर्धारित रंग के कूड़ेदान में नहीं डालने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्धारित एसओपी का पालन करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पैथोलॉजी लैब में जांच मशीनों की वर्किंग स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में टूटी हुई जालियों, लटके हुए विद्युत वायरिंग को सही कराने के निर्देश दिए। साथ ही, विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन रखने पर जोर दिया।



**मिड डे मील का किया निरीक्षण**

जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोहेला में मिड डे मील की गुणवत्ता को जांचा। कुक कम हेल्पर से बच्चों को दिए जाने वाले दिवस वार दिये जाने वाले पोषाहार की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने रसोई की साफ-सफाई की प्रशंसा की।

### विद्यालय में गंदगी देख जिला कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की

जिला कलेक्टर ने राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लावा एवं धोली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार राहुल पारीक से विद्यालय में बनाए गये पोलिंग बूथ संबंधी जानकारी ली। पोलिंग बूथ पर आने वाले रास्ते पर गंदगी का जमावड़ा, शौचालय में साफ-सफाई का अभाव, टूटे हुए रैंप को देखकर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इसके लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। दोनों पोलिंग बूथों पर तहसीलदार को मतदान प्रतिशत कम रहने का ठीक से आकलन कर लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

## सासंद जौनापुरिया नें जिला अस्पताल में वृद्धजन वार्ड का किया उद्घाटन



खबरों की दुनिया

टोंक। आमजन के स्वास्थ्य को लेकर गम्भीरता बरत रही राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार गुरूवार को यहां जिला सआदत अस्पताल में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने संयुक्त रूप से जेरेएट्रीक वार्ड का उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद सहित जन-प्रतिनिधियों ने वार्ड में भर्ती रोगियों की कुशलक्षेम पूछते हुये उनके बेहतर ईलाज के पीएमओ डॉ. बहादुर लाल मीणा को निर्देश दिये। पीएमओ डॉ. मीणा ने बताया कि आईसीयू के बराबर वृद्धजन को भर्ती कर उपचार के लिए अलग से 10 बैड का वार्ड बनाया गया है, तथा वार्ड प्रभारी डॉ. राजीव यादव सहित छ- जनों का राउन्ड द क्लाक स्टाफ लगाया गया है। इस दौरान उप-जिला प्रमुख आदेश कंवर, आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड़, उप-नियंत्रक डा. चेतन जेन, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. छगन लाल मीणा एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया आदि मौजूद थे ।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123